प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792



राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक     केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in

नितिन की नई टीम यूपी चुनाव के लिए कितनी मुफ़ीद? पेज- 2


पेज- 8 काउंसलिंग ने बचाया परिवार, दंपती फिर हुए एक

वर्ष : 15 अंक : 239     शुक्रवार 21 अगस्त, 2026     डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106     पृष्ठ 08 मूल्य 5.00 रूपया

## राजीव गांधी की जयंती पर पीएम मोदी ने एक्स पर दी श्रद्धांजलि

### -कांग्रेस नेताओं ने वीर भूमि पर अर्पित किए पुष्प

(एजेंसी) नयी दिल्ली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा सहित अनेका नेताओं ने बृहस्पतिवार पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि। सोनिया गांधी, खड़गे, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने वीर भूमि पहुंचकर राजीव गांधी की समाधि पर पुष्प अर्पित किए। खरगे ने राजीव गांधी के ।योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने लाखों लोगों में उम्मीद दी और भारत को 21वीं सदी की संभावनाओं के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।खडगे ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि राजीव गांधी एक दूरदर्शी नेता थे और उनकी विरासत उन बड़े बदलावों में जीवित है, जिनका उन्होंने समर्थन किया तथा भारत के युवाओं, तकनीकी प्रगति और नए विचारों में उनके अटूट विश्वास में भी दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी को सबसे सार्थक श्रद्धांजलि भारत





की सद्भाव और मेल–मिलाप की भावना को मजबूत करना तथा बौद्धिक स्वतंत्रता, नवाचार और युवाओं की आकांक्षाओं को बढ़ावा देना होगी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर उन्हें याद करते हुए कहा कि देश में युवाओं के बीच जारी हलचल के दौर में उनके उन फैसलों को याद करना जरूरी है, जिनसे युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया, शिक्षा और रोजगार के नए अवसरों से जोड़ा गया। रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि राजीव गांधी ने 18 वर्ष की उम्र में मतदान का अधिकार देकर युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी का अवसर दिया। संविधान के 61वें संशोधन के जरिए मतदान की न्यूनतम उम्र 21 से घटाकर 18 वर्ष की गई थी। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी के कार्यकाल में शिक्षा के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण पहल हुईं और नवोदय विद्यालयों की राष्ट्रव्यापी व्यवस्था सामने आई। रमेश ने इसके अलावा युवाओं के लिए संस्थागत ढांचा तैयार करने और भारत को सूचना प्रौद्योगिकी के युग में ले जाने में राजीव गांधी की भूमिका का उल्लेख किया। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, मौजूदा समय में देश में युवाओं के बीच दिख रही बेचौनी और आकांक्षाओं के संदर्भ में राजीव गांधी की युवा–केंद्रित सोच को याद करना प्रासंगिक है। उन्होंने राजीव गांधी के योगदानों में 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाए जाने का भी उल्लेख किया। राजीव गांधी का जन्म 20 अगस्त 1944 को हुआ था। वह 40 वर्ष की उम्र में 31 अक्टूबर 1984 को देश के प्रधानमंत्री बने और दो दिसंबर 1989 तक इस पद पर रहे। प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्होंने प्रशासन, शिक्षा, संचार और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में आधुनिकीकरण पर जोर दिया था। वर्ष 1991 में तमिलनाडु के श्रीपेरंबदूर में एक चुनावी सभा के दौरान आत्मघाती हमले में उनकी हत्या कर दी गई। उन्हें भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान श्भारत रत्नश (मरणोपरांत) से सम्मानित किया गया।

## हमारे लिए वंदे मातरम् भावनात्मक विषय, भाजपा के लोग नकली राष्ट्रवादी : कांग्रेस

(एजेंसी) नई दिल्ली। कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को श्वंदे मातरम्श को लेकर गृह मंत्री अमित शाह द्वारा निशाना साधे जाने के बाद पलटवार करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) छात्रों तथा राम मंदिर से कथित चंदा चोरी जैसे विषयों से ध्यान भटकाने के लिए राष्ट्र गीत को लेकर विवाद खड़े करना चाहती है, जबकि उसके (भाजपा के) लोग झूठे और नकली राष्ट्रवादी हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह ट्राइड (परखे जा चुके) और टायर्ड (थक चुके) हैं तथा अब उन्हें जल्द ही रिटायर हो जाना चाहिए। रमेश ने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री शाह और भाजपा छात्रों के मुद्दे और राम मंदिर से चंदा चोरी तथा आस्था के साथ धोखा जैसे मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन कांग्रेस उनके जाल में फंसने वाली नहीं है। कांग्रेस महासचिव ने कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) द्वारा 1937 में वंदे मातरम् के संदर्भ में पारित प्रस्ताव का उल्लेख करते हुए कहा कि मुख्य विपक्षी दल उस वक्त सर्वोच्च नेताओं द्वारा किए गए फैसले का पालन करने के लिए वचनबद्ध है। उनका कहना था, वंदे मातरम् पर महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, सरदार वल्लभभाई पटेल, मौलाना अबुल कलाम आजाद, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, आचार्य नरेन्द्र देव और उस समय के कुछ अन्य प्रमुख नेताओं द्वारा फैसला किया गया था। यह निर्णय रवींद्रनाथ टैगोर की सलाह पर हुआ था। उनके मुताबिक, वंदे मातरम् के सिर्फ दो अंतरे गाने के निर्णय का 90 साल पुराना इतिहास है तथा नेहरू, मोराजी देसाई, इंदिरा गांधी, चंद्रशेखर, वी पी सिंह, एचडी देवगौड़ा और अटल बिहारी वाजपेयी ने भी दो ही अंतरे गाए थे। रमेश ने इस बात पर जोर दिया, श्वंदे मातरम् हमारे के लिए कोई



राजनीतिक नहीं, बल्कि भावनात्मक मुद्दा है।श पार्टी की शीर्ष नीति निर्धारक इकाई कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में इसको लेकर चर्चा हुई और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 1937 के सीडब्ल्यूसी के उस प्रस्ताव के कुछ अंश भी पढ़े जो महान नेताओं की मौजूदगी में पारित हुआ था और जिसमें वंदे मातरम् के दो अंतरों के गायन का निर्णय लिया गया था। गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि कांग्रेस का वंदे मातरम के केवल दो अंतरे गाने का फैसला न केवल राष्ट्रविरोधी है, बल्कि कानून की अवहेलना और वोट बैंक के लिए तुष्टीकरण की राजनीति भी है। शाह ने राष्ट्रगीत को पूरा गाने के बजाय केवल दो अंतरे गाने के कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) के फैसले का उल्लेख करते हुए कहा कि यह संसद द्वारा बनाए गए कानून की खुली अवहेलना है।

## वंदे मातरम के केवल दो अंतरे गाने का कांग्रेस का फैसला तुष्टीकरण की राजनीति है : अमित शाह

(एजेंसी) चेन्नई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने वीरवार को कहा कि कांग्रेस का वंदे मातरम के केवल दो अंतरे गाने का फैसला न केवल राष्ट्रविरोधी है, बल्कि कानून की अवहेलना और वोट बैंक के लिए तुष्टीकरण की राजनीति भी है। शाह ने



राष्ट्रगीत को पूरा गाने के बजाय केवल दो अंतरे गाने के कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) के फैसले का उल्लेख करते हुए कहा कि यह संसद द्वारा बनाए गए कानून की खुली अवहेलना है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी एक बयान में कहा कि जब पहले वंदे मातरम के टुकड़े करने की गलती हुई थी, तब देश को उसके परिणाम भुगतने पड़े थे। उन्होंने एक्स पर लिखा, श्कांग्रेस कार्यसमिति ने वंदे मातरम के पूर्ण गान की जगह केवल दो अंतरे गाने का जो फैसला लिया है, वह न केवल देशविरोधी है बल्कि संसद के बनाए कानून की खुली अवहेलना भी है। शाह ने कहा, कांग्रेस ने ही 1937 में तुष्टीकरण के लिए श्वंदे मातरम्श के दो टुकड़े किए। वहीं से दो–राष्ट्र सिद्धांत को ताकत मिली और देश का विभाजन हुआ। वंदे मातरम के 150वें वर्ष पर मोदी सरकार ने यह ऐतिहासिक गलती सुधारी और पूर्ण गान को कानूनी स्वरूप दिया लेकिन राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस फिर उसी वोट बैंक के लिए तुष्टीकरण के रास्ते पर है। शाह ने लोगों से कांग्रेस की तुष्टीकरण की राजनीति का विरोध करने की भी अपील की। उन्होंने कहा, वंदे मातरम के टुकड़े करने की गलती एक बार हो चुकी और देश उसके परिणाम भुगत चुका। देशवासियों से यह अपील है कि कांग्रेस के इस तुष्टीकरण के खिलाफ एकजुट होकर आवाज बुलंद करें।

## गोविंदा-सुनीता के रिश्ते में आया नया मोड़

### -बांद्रा फैमिली कोर्ट से वापस ली तलाक की याचिका

(एजेंसी) मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा और उनकी पत्नी सुनीता आहूजा के बीच पिछले कुछ समय से चल रहा सार्वजनिक विवाद अब शांत होता नजर आ रहा है। बुधवार को सुनीता आहूजा अपने बेटे यशवर्धन आहूजा के साथ बांद्रा फैमिली कोर्ट पहुंचीं और गोविंदा के खिलाफ दायर तलाक की याचिका वापस ले ली। इस घटनाक्रम के बाद अभिनेता के परिवार और करीबियों की ओर से राहत की प्रतिक्रिया सामने आई है।गोविंदा के मैनेजर शशि सिन्हा ने बताया कि लंबे समय से चल रहे विवाद पर अब विराम लग गया है। उन्होंने कहा कि परिवार के लिए यह राहत की बात है और उन्हें खुशी है कि मामला इस मोड़ पर पहुंचा है। शशि सिन्हा के मुताबिक, विवाद का असर परिवार, बच्चों और गोविंदा के काम पर भी पड़ रहा था। उन्होंने उम्मीद जताई कि अब दोनों के बीच जो भी कड़वाहट है, उसे बातचीत के जरिए दूर किया जाना चाहिए और परिवार में स्थिति सामान्य करने की कोशिश होनी चाहिए। गोविंदा के मैनेजर ने तलाक की याचिका वापस लिए जाने पर खुशी जताते हुए यह भी कहा कि उन्हें इस बात का अफसोस है कि पारिवारिक विवाद सार्वजनिक चर्चा का विषय बन गया। उनका कहना था कि जब अंततः मामला सुलझने की दिशा में जाना था, तो निजी विवाद को इतने बड़े स्तर पर सामने लाने की जरूरत नहीं थी। उन्होंने तलाक की याचिका वापस लेने के फैसले को सुनीता आहूजा की पहल बताया। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि अब सबसे जरूरी बात यह है कि परिवार में पैदा हुई कड़वाहट को खत्म किया जाए। शशि सिन्हा ने गोविंदा की प्रतिक्रिया के बारे में बताते हुए कहा कि अभिनेता को सुनीता की ओर से याचिका वापस लेने का कदम अच्छा लगा। उनके अनुसार, तलाक की पहल सुनीता की तरफ से हुई थी, जबकि गोविंदा कभी तलाक के लिए



तैयार नहीं थे। मैनेजर ने यह भी दावा किया कि तलाक की याचिका दाखिल होने के बाद भी गोविंदा ने परिवार की जिम्मेदारियों से खुद को अलग नहीं किया। उनके मुताबिक, अभिनेता परिवार का खर्च उठाते रहे और परिवार की जरूरतों का ध्यान रखते रहे। सुनीता आहूजा ने 5 दिसंबर 2024 को बांद्रा फैमिली कोर्ट में गोविंदा से तलाक के लिए याचिका दायर की थी। यह याचिका हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 के तहत दाखिल की गई थी। इसमें व्यभिचार, क्रूरता और परित्याग को तलाक के आधार के तौर पर बताया गया था। याचिका दाखिल होने के बाद गोविंदा और सुनीता के रिश्ते को लेकर लगातार चर्चाएं होती रही थीं। दोनों की निजी जिंदगी से जुड़े बयानों के चलते यह मामला मनोरंजन जगत में भी सुर्खियों में रहा। तलाक की याचिका वापस लिए जाने के बाद अब दोनों के रिश्ते को लेकर नई अटकलें शुरू हो गई हैं। हालांकि, याचिका वापस लिए जाने का यह कदम अपने आप में रिश्ते की सभी समस्याओं के पूरी तरह खत्म होने की पुष्टि नहीं करता, लेकिन परिवार की ओर से इसे सकारात्मक संकेत के तौर पर देखा जा रहा है। गोविंदा के मैनेजर ने भी संकेत दिया कि अब प्राथमिकता पुरानी कड़वाहट को पीछे छोड़कर परिवार को संभालने की होनी चाहिए। लंबे समय से सार्वजनिक चर्चा में रहे इस विवाद के बीच तलाक की याचिका वापस लिए जाने से फिलहाल गोविंदा और सुनीता के रिश्ते में एक नया मोड़ जरूर आया है।

## मंत्रियों के कुत्तों को भी सरकारी विद्यालयों से बेहतर सुविधाएं मिलती हैं : अभिजीत दीपके

(एजेंसी) लातूर। कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) के संयोजक अभिजीत दीपके ने महाराष्ट्र के स्कूली शिक्षा मंत्री दादा भुसे के इस्तीफे की मांग करते हुए बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि सरकारी विद्यालयों की हालत दयनीय है और छात्रों की तुलना में मंत्रियों के कुत्तों को भी बेहतर सुविधाएं मिलती हैं। कॉजपा ने पिछले सप्ताह स्कूल ठीक करो अभियान शुरू किया था। दीपके ने लातूर की औसा तहसील के उजनी गांव स्थित एक जिला परिषद स्कूल का दौरा करने के बाद संवाददाताओं से कहा कि विद्यालयों की स्थिति के लिए निर्वाचित प्रतिनिधियों और मंत्रियों की जवाबदेही तय की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि कई विद्यालयों में अब भी अच्छी कक्षाओं, बेंच, शौचालय और उन तक पहुंचने के सुरक्षित मार्ग जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ विद्यालयों में छात्रों के लिए जानवरों से भी बदतर हालात हैं। दीपके ने कहा, यह छात्रों की जिंदगी का सवाल है। जब नेता छात्रों के लिए कुछ नहीं कर रहे तो लोग उन्हें वोट क्यों दें? क्या लोग उन्हें केवल हेलीकॉप्टर में घूमने के लिए वोट देते हैं? लोगों को देखना चाहिए कि उनके बच्चे किन हालात में पढ़ रहे हैं। इन मंत्रियों के कुत्तों को भी इससे बेहतर सुविधाएं मिलती हैं। उन्होंने लोगों से यह भी कहा कि वे राजनीतिक दलों के नेताओं पर पहले शिक्षा के लिए काम करने और उसके बाद वोट मांगने का दबाव बनाएं। दीपके ने कहा, लोगों को अपने गांव आने वाले हर राजनीतिक दल के नेताओं से कहना चाहिए कि वे शिक्षा के लिए काम करें। उनसे कहें कि जब तक वे शिक्षा के लिए काम नहीं करते, तब तक वे वोट मांगने हमारे दरवाजे पर न आएं। राजनीति के लिए हम जाति और समुदाय के झंडे लेकर घरों से निकलते हैं। इसी तरह हमें अपने बच्चों के विद्यालयों के लिए भी बाहर निकलना चाहिए। उन्होंने कहा, ये लोग कहते रहते हैं कि धर्म खतरे में है। इतने वर्षों में धर्म खत्म नहीं हुआ और क्या यह आपके कार्यकाल में ही खत्म हो जाएगा? धर्म कहीं



नहीं जाने वाला लेकिन बच्चों का भविष्य जरूर प्रभावित हो सकता है। दीपके ने कहा कि मंत्रियों और विधायकों को अपने बच्चों को सरकारी विद्यालयों में भेजना चाहिए ताकि वे वहां छात्रों को होने वाली परेशानियों को समझ सकें। यह पूछे जाने पर कि क्या दादा भुसे को स्कूली शिक्षा मंत्री के पद पर बने रहना चाहिए, दीपके ने कहा, विद्यालयों की हालत देखकर मुझे लगता है कि शिक्षा मंत्री को पद पर नहीं बने रहना चाहिए। अगर सरकार सरकारी विद्यालयों में सुधार की जरूरत की गंभीरता समझना चाहती है तो मंत्रियों और निर्वाचित प्रतिनिधियों को अपने बच्चों को इन्हीं विद्यालयों में पढ़ने के लिए भेजना चाहिए।दीपके ने आरोप लगाया कि कई वर्षों से सत्ता में रहने के बावजूद सत्तारूढ़ पक्ष सरकारी विद्यालयों की स्थिति में कोई बड़ा बदलाव नहीं ला पाया। उन्होंने कहा, छात्र अब भी ऐसे विद्यालयों में पढ़ रहे हैं जिनमें टीन की छतों से पानी टपकता है और पर्याप्त बेंच नहीं हैं। अगर 10 साल में ये बुनियादी समस्याएं दूर नहीं की जा सकीं तो सरकार को बताना चाहिए कि उसने आखिर हासिल क्या किया है। उन्होंने कहा कि कॉजपा एवं स्थानीय लोग विद्यालयों से जुड़ी समस्याओं को लेकर मिलकर आवाज उठाएंगे और कई किलोमीटर पैदल चलकर स्कूल जाने वाले छात्रों के लिए सुरक्षित परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने का सरकार पर दबाव बनाएंगे। विद्यालयों में कथित रूप से सांप के काटने से बच्चों की मौत की खबरों का उल्लेख करते हुए दीपके ने कहा कि ऐसी घटनाएं बच्चों को सुरक्षित माहौल में शिक्षा उपलब्ध कराने में अधिकारियों की विफलता को उजागर करती हैं। उन्होंने उस स्कूल में गंदगी को लेकर भी चिंता जताई जिसका कॉजपा की टीम ने पहले निरीक्षण किया था। दीपके ने आरोप लगाया कि स्कूल परिसर के पीछे जमा कबाड़ और कचरे के कारण वहां सांपों के रहने के अनुकूल स्थिति बन गई है। उन्होंने कहा कि कॉजपा के निरीक्षण के बाद अधिकारियों ने विद्यालयों में कुछ काम शुरू भी कर दिए हैं। दीपके ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए जनता की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने कहा, लोगों ने फिर से अपनी आवाज उठानी शुरू कर दी है। लोकतंत्र में और संगठन एवं आंदोलन सामने आने चाहिए। जितने अधिक लोग आगे आकर बोलेंगे, हमारा लोकतंत्र उतना ही मजबूत होगा। जेन जी से जुड़े मुद्दों पर दीपके ने कहा कि 2029 के चुनाव तक युवा एक बड़ी चुनावी ताकत बन जाएंगे और राजनीतिक दलों को उनके मुद्दों पर ध्यान देना होगा। उन्होंने आगाह किया कि यदि युवाओं की चिंताओं की अनदेखी की गई तो युवा मतदाता सरकारों से जवाब मांगेंगे। दीपके ने एक सवाल के जवाब में कहा कि अगर सरकार सरकारी विद्यालयों की हालत सुधारने में नाकाम रही तो गांवों में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हो सकते हैं। इस बीच, दीपके ने लातूर में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) के प्रश्नपत्र लीक मामले की सीबीआई (केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो) जांच को लेकर आरोप लगाया कि जांच निचले स्तर के आरोपियों पर केंद्रित दिखाई दे रही है, जबकि उच्च स्तर पर आसीन लोगों को बचाने की कोशिश की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में पाकिस्तानी उच्चायोग के बाहर से हटाए गए अनधिकृत ढांचे

(एजेंसी) नई दिल्ली। दिल्ली स्थित पाकिस्तान उच्चायोग के बाहर बने ढांचों और कतार प्रबंधन के लिए लगाए गए अवरोधकों को प्राधिकारियों ने हटा दिया है। आधिकारिक सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तानी उच्चायोग के वीजा अनुभाग के पास कतार व्यवस्थित करने के लिए लगाए गए अवरोधकों समेत ये ढांचे परिसर की स्वीकृत सीमा के बाहर एक गली में बने थे और कार्रवाई के तहत इन्हें हटा दिया गया। यह घटनाक्रम पाकिस्तान द्वारा इस्लामाबाद में भारतीय उच्चायोग के बाहर लगाए गए सुरक्षा अवरोधकों और पार्किंग के खंभों को हटाए जाने के कुछ दिन बाद हुआ है।

### सीतारमण ने मंत्रिस्तरीय प्रतिनिधिमंडल संग सिंगापुर पीएम लॉरेंस वोंग से की मुलाकात

(एजेंसी) नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, विदेश मंत्री एस. जयशंकर, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग से बृहस्पतिवार को मुलाकात की और द्विपक्षीय सहयोग मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जानकारी दी, नेताओं ने व्यापक रणनीतिक साझेदारी की रूपरेखा को लागू करने में हुई प्रगति एवं आर्थिक सहयोग, डिजिटलीकरण, संपर्क, कौशल विकास तथा स्थिरता के क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। सीतारमण 19–20 अगस्त को होने वाली चौथी भारत–सिंगापुर मंत्रिस्तरीय गोलमेज बैठक (आईएसएमआर) में हिस्सा लेने के लिए एक मंत्रिस्तरीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रही हैं। वर्ष 2022 में स्थापित आईएसएमआर भारत और सिंगापुर के बीच उच्चस्तरीय आर्थिक सहयोग का एक प्रमुख मंच है। यह उन्नत विनिर्माण, संपर्क, डिजिटलीकरण, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा, कौशल विकास और स्थिरता के छह क्षेत्रों में प्रगति की समीक्षा करने और सहयोग के नए क्षेत्रों का पता लगाने के अवसर प्रदान करता है।

### झारखंड एचसी ने जेएसएससी और जेपीएससी की परीक्षाएं रद्द करने के सोरेन सरकार के फैसले पर लगाई रोक

(एजेंसी) रांची। झारखंड उच्च न्यायालय से राज्य के हजारों प्रतियोगी परीक्षार्थियों के लिए बड़ी और राहत भरी खबर आई है। हाईकोर्ट ने झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) द्वारा आयोजित कई महत्वपूर्ण भर्ती परीक्षाओं को रद्द करने के राज्य सरकार के आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है। इससे उन उम्मीदवारों को राहत मिली है जिन्होंने ये परीक्षाएं पास कर ली थीं और अपनी नौकरी को लेकर अनिश्चितता का सामना कर रहे थे।

# सम्पादकीय

## यूपी में चढ़ा सियासी पारा

उत्तर प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले सियासी पारा अभी से चढ़ गया है। मैं नफीस जाफरी आपको यहां यह बता दूं कि यूपी सरकार में मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर एक बार फिर से निशाना साधा है। राजभर ने कहा कि दिन में भाजपा के खिलाफ दिखने वाले अखिलेश रात को गुलदस्ता लेकर योगी जी और मोदी जी के पास जाते हैं। वहीं रामपुर की जौहर यूनिवर्सिटी को लेकर उन्होंने कहा कि इसके जिम्मेदार अखिलेश यादव हैं। सत्ता में रहते हुए अखिलेश यादव ने



नफीस जाफरी

गैर कानूनी काम करवाया और अब चुनाव आने पर शिवपाल यादव को आजम से मिलने भेज रहे हैं। जैसा कि उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव की आहट के साथ राजनीतिक दलों के बीच बयानबाजी भी तेज हो गई है। इसी क्रम में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव पर निशाना साधा। उन्होंने गठबंधन की राजनीति, सीट बंटवारे और समाजवादी पार्टी के अंदरूनी हालात को लेकर कई सवाल उठाए। ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि उन्हें समझ नहीं आता कि अखिलेश यादव आखिर किस आधार पर एनडीए में सीट बंटवारे की बात कर रहे हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि एनडीए की सीटें तय करने का अधिकार समाजवादी पार्टी या उसके नेताओं को नहीं है। राजभर ने कहा कि किसी भी दल के बारे में सार्वजनिक टिप्पणी करने से पहले तथ्यों की जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि अखिलेश यादव को एनडीए के भीतर की जानकारी है तो यह बताना चाहिए कि उन्हें यह जानकारी कहां से मिली। राजभर ने व्यंग्यात्मक अंदाज में कहा कि संभव है उन्हें किसी स्तर पर यह जानकारी दी गई हो, तभी वे सीटों को लेकर लगातार बयान दे रहे हैं। राजभर ने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के संबंधों पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों के बीच कई मुद्दों पर मतभेद सामने आ रहे हैं। उनके अनुसार चुनावी रणनीति से लेकर नेतृत्व तक कई सवाल ऐसे हैं जिन पर विपक्षी दलों के बीच एकराय दिखाई नहीं देती। उत्तर प्रदेश के कैबिनेटमंत्री ओम प्रकाश राजभर ने सपा नेता आजम खान का भी उल्लेख किया. उन्होंने कहा कि जब समाजवादी पार्टी की सरकार थी तब आजम खान और उनकी जौहर यूनिवर्सिटी से जुड़े विवादों का समाधान किया जा सकता था। राजभर के अनुसार उस समय सरकार के पास सभी प्रशासनिक अधिकार थे और यदि जरूरी प्रक्रियाएं पूरी कर ली जातीं तो बाद में इतने विवाद खड़े नहीं होते। उन्होंने कहा कि उस दौर में सरकार को जमीन, नक्शा और अन्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं से जुड़े मामलों को व्यवस्थित तरीके से निपटाना चाहिए था। राजभर का दावा है कि यदि समय रहते समाधान निकाल लिया जाता तो आजम खान को बाद में इतनी परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ता। मालूम हो कि उत्तर प्रदेश में चुनावी गतिविधियां तेज होने के साथ ही नेताओं के बीच आरोप–प्रत्यारोप का दौर भी बढ़ता जा रहा है। ओपी राजभर के इस बयान को भी उसी राजनीतिक माहौल का हिस्सा माना जा रहा है, जहां सभी दल अपने–अपने समर्थकों को संदेश देने और विरोधियों पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

## दिमागी नक्सली: क्या सच इतना कड़वा होता है?

प्रवीण बांसल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से अपने संबोधन में देशहित, समाजहित में चल रहे अनेक कल्याणकारी कार्यों और योजनाओं का जिक्र किया। वहीं विश्व की घटनाओं और आने वाली चुनौतियों का जिक्र भी किया। इसी के साथ उन्होंने नए तकनीकी और डिजिटल युग में नैरेटिव गढने के लिए इस्तेमाल होने वाले अलग–अलग टूल्स को लेकर देशवासियों को सचेत भी किया। इसके लिए उन्होंने 'दिमागी नक्सली' शब्द का इस्तेमाल किया, क्योंकि आज की लड़ाई जमीन पर नहीं, दिमाग से लड़ी जाती है। इस शब्द के विरोध में विपक्षी नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया दी। पूर्व केन्द्रीय गृह मंत्री पी. चिदम्बरम ने खुद को दिमागी नक्सली होने पर गर्व महसूस किया। यहां 'चोर की दाढ़ी में तिनका' वाली कहावत पूरी तरह फिट बैठती है। ऐसा लगा जैसे यह शब्द, कांग्रेस और उसकी पूर्ववत कार्यशैली का पर्यायवाची है और यह सीधे उन पर कहा गया हो। सच कड़वा होता है। प्रधानमंत्री ने किसी का नाम नहीं लिया लेकिन जिन्होंने बिना हथियारों के आज तक देश में वैमनस्य, विरोध, जहर और भेदभाव फैलाने का काम किया, उन्हें लगा कि यह उंगली उन्हीं की तरफ उठी है। देश की राजनीति में अपना प्रभाव बनाए रखने और सत्ता को हर हाल में बचाने के लिए कांग्रेस और उसके नेताओं द्वारा समय–समय पर कुछ शब्द गढ़े गए। आपातकाल के बाद संविधान की प्रस्तावना में इंदिरा गांधी सरकार द्वारा समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, अखंडता, ये तीन शब्द जोड़े गए। आलोचकों का मानना है कि इससे संविधान की मूल भावना को बदलने का प्रयास किया गया, जबकि संविधान की मूल संरचना बदलने का कोई प्रावधान नहीं है। इन शब्दों ने भारत के संविधान की आत्मा को बदलने का पाप किया है। कांग्रेस ने सत्ता में बने रहने के लिए हमेशा आतंकवाद और नक्सलवाद को बढ़ावा दिया है। आतंकवाद हिंदुओं के खिलाफ हो तो उसको नजरअंदाज किया। हजारों हिन्दुओं के कत्ल और उनको भगाने का कश्मीर सबसे बड़ा उदाहरण है। उनके शासनकाल में इस्लामिक आतंकवाद की घटनाएं बढ़ीं, जिससे दुनिया में यह धारणा बनी कि विश्व में आतंकवाद कट्टरवाद का परिणाम है। यह नैरेटिव कांग्रेस के मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति को नुकसान पहुंचाने लगा। पाकिस्तान ने भी मुंबई 26/11 हमले में कसाब के हाथ में कलावा और जाली पहचान पत्र से हिन्दू आतंकवाद पर मोहर लगाने की नाकाम कोशिश की थी। पर कसाब के जिंदा पकड़े जाने से सच सामने आ गया। इसके बावजूद कांग्रेस ने सरकारी रिपोर्टों, हलफनामों, मनगढ़ंत सबूतों, तथा नाजायज तौर पर हिन्दुओं को पकड़ कर उन्हें आतंकवादी के तौर पेश करने का षड्यंत्र किया। ऐसा करके देश में हिंदू आतंकवाद और सैफरन टैरर का नैरेटिव गढने की कोशिश की। वोट की राजनीति करते हुए भारत के बहु संख्यक हिन्दू समाज को बदनाम और इस्लामिक आतंकवाद के बराबर खड़ा करने की कोशिश में नाकाम रहे। यह दिमागी नक्सलवाद का ही दूसरा रूप था।2014 में भाजपा सरकार बनने के बाद सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मंत्र से काम शुरू हुआ। हजारों साल की गुलामी के प्रतीकों को हटाकर देश की मूल संस्कृति और मूल्यों को स्थापित करने का प्रयास हुआ। देश के महापुरुषों, वीरों और शहीदों का गौरवमयी इतिहास देश के नौजवानों के सामने लाया जाने लगा। इसे रोकने के लिए भगवाकरण शब्द गढ़ा गया, ताकि युवाओं को उनके आत्मबोध से दूर रखा जा सके।दुनिया में अगर कहीं अभिव्यक्ति की आजादी है तो वह भारत है। एमरजैंसी में भी मीडिया ने हाथ से, ट्रैक्टर से, साइक्लोस्टाइल से सच जनता तक पहुंचाया। सच लिखने की कीमत शहादत के रूप में दी। 'पंजाब केसरी' इसका बड़ा उदाहरण है। जब यही मीडिया प्रधानमंत्री मोदी के कार्यों को प्रमुखता से दिखाने लगा तो विपक्ष ने इसे 'गोदी मीडिया' कह कर बदनाम किया। यह देश के लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को कमजोर करने की साजिश थी। चौकीदार चोर, कातिल, मौत का सौदागर, सनातन एक कैंसर, भारत तेरे टुकड़े होंगे, हर घर से अफजल निकलेगा जैसे नारे और विद्यार्थी आंदोलनों में बच्चियों से लगवाए गए अभद्र नारे–इन सबने हर देशभक्त और हर हिंदू के मन को आहत किया है। यही दिमागी नक्सलवाद है। जो लोग बिना बंदूक के देश के दिमाग में जहर घोलते हैं, उन्हीं के लिए प्रधानमंत्री ने यह शब्द इस्तेमाल किया।जय हिन्द जय भारत।

# नितिन की नई टीम यूपी चुनाव के लिए कितनी मुफ़ीद?



गुलफिशा खान

उत्तर प्रदेश के 2027 विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने अपने वरिष्ठ रणनीतिकार विनोद तावड़े को चुनाव प्रभारी बनाकर सपा के पीडीए चक्रव्यूह को ध्वस्त करने की जिम्मेदारी सौंपी है। शांत कार्यशैली और बूथ स्तर के माइक्रो–मैनेजमेंट में माहिर तावड़े के सामने भाजपा के बिखरे हुए वोट बैंक को दोबारा साधने और अमित शाह जैसा करिश्मा दोहराने की बड़ी चुनौती होगी। विदित हो कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की टीम का ऐलान हो गया है। इस टीम में कई बड़े चेहरों की एंट्री हुई है, जिनमें राम माधव, स्मृति ईरानी जैसे नेता शामिल हैं। इन दोनों नेताओं समेत कुल 13 लोगों को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा अमेठी की सांसद रहीं स्मति ईरानी को राष्ट्रीय महामंत्री बनाया गया है। उनके अलावा त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब देब की भी एंट्री हुई है। पार्टी ने कुल 7 राज्यों से 8 महामंत्री बनाए हैं और सबसे ज्यादा दो नेता यूपी के शामिल हुए हैं। इनमें स्मृति ईरानी के अलावा हरीश द्विवेदी भी शामिल हैं। नितिन नवीन की इस टीम में कुल 13 राष्ट्रीय उपाध्यक्षों में से 6 महिला हैं। इस तरह यह आंकड़ा 33 फीसदी से भी कहीं ज्यादा और करीब 50 पर्सेंट का है। इसके अलावा एक महिला नेता के तौर पर स्मृति ईरानी को महामंत्री बनाया गया है। चार महिलाओं को राष्ट्रीय सचिव के तौर पर एंट्री दी गई है. ।दो मुस्लिम नेताओं को भी नितिन नवीन की टीम में मौका मिला है। हरीश द्विवेदी को मौका देने को यूपी में ब्राह्मण वोटों के लिए चल रही लामबंदी से भी जोड़कर देखा जा रहा है। उत्तर प्रदेश में अगले कुछ महीनों में ही चुनाव होने वाले हैं। इसके अलावा स्मृति ईरानी ने अमेठी में राहुल गांधी को 2019 में हराकर सांसदी पाई थी, लेकिन 2024 में हार के बाद से वह संगठन और सरकार दोनों से ही दूर थीं। अगर नामों और पदों की लिस्ट को अलग कर दें, तो भाजपा की नई संगठनात्मक टीम का एक साफ संदेश है। 2024 लोकसभा चुनाव में यूपी में जो हाल हुआ, वो दोबारा नहीं होने दिया जा सकता। हर अहम नियुक्ति, चाहे वह वापसी हो, प्रमोशन हो या चुपचाप हटाना हो –एक ही राज्य और एक ही याद से जुड़ी है, 2024 की हार। पार्टी को 29 सीटें और अपनी सबसे अहम सीट गंवानी पड़ी थी। जंतर–मंतर पर जेन–जी के विरोध–प्रदर्शन के बाद, पार्टी अध्यक्ष के तौर पर नितिन नवीन के नेतृत्व के लिए यह पहली असली चुनावी परीक्षा भी है। मगर एक राज्य का इतना ज्यादा महत्व क्यों है? उत्तर प्रदेश से लोकसभा में 80 सांसद चुनकर आते हैं, जो किसी भी दूसरे राज्य के मुकाबले बहुत ज्यादा है। 2014 से भाजपा को राष्ट्रीय स्तर पर बहुमत दिलाने में भी इस राज्य की बड़ी भूमिका रही है।। संक्षेप में कहें तो, यूपी ही राष्ट्रीय स्तर पर चुनावी गणित तय करता है। और इससे मिलने वाला संकेत साफ है। 2024 में अमेठी में करारी हार के बाद स्मृति ईरानी की वापसी हुई है और उन्हें पार्टी के सबसे बड़े और अहम राज्य उत्तर प्रदेशके लिए राष्ट्रीय महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके साथ सुनील बंसल भी हैं, जिन्हें 2017 में यूपी में भाजपा की बूथ–स्तर पर जबरदस्त जीत का श्रेय दिया जाता है। उनकी



यह वापसी यूपी, पंजाब और उत्तराखंड में होने वाले आगामी चुनावों से पहले हुई है। साथ ही, पार्टी में पीढ़ी और जेंडर के स्तर पर भी बदलाव किए जा रहे हैं। राष्ट्रीय स्तर पर नई टीम में तेरह महिलाएं शामिल हैं और युवाओं तक पहुंचने पर जान–बूझकर जोर दिया जा रहा है। यह कोशिश यूपी के सबसे बड़े और सबसे अस्थिर वोटर समूहों से जुड़ने की है, ताकि विपक्ष के उन पर कब्जा करने से पहले ही उनसे संपर्क साधा जा सके। यूपी में जिम्मेदारी किसे मिली, इसे ध्यान से देखने पर जाति और समुदाय का गणित साफ समझ आता है। स्मृति ईरानी राष्ट्रीय स्तर की स्टार पावर और अपनी छवि को बेहतर बनाने का अनुभव लेकर आई हैं। सुनील बंसल उस संगठनात्मक मशीनरी को साथ लाए हैं, जिसने कभी राज्य में बड़ी जीत दिलाई थी। बहराइच के मौजूदा सांसद और ब्राह्मण चेहरा हरीश द्विवेदी को महासचिव की जिम्मेदारी दी गई है, ताकि पूर्वी यूपी पर खास ध्यान दिया जा सके। धौरहरा की सांसद रेखा वर्मा नेतृत्व में ओबीसी पहचान और महिला चेहरा, दोनों लेकर आई हैं। और अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के पूर्व वाइस–चांसलर तारिक मंसूर, पसमांदा मुस्लिम वोटरों को लुभाने की भाजपा की धीमी और सोची–समझी कोशिश को आगे बढ़ा रहे हैं। कुल मिलाकर, यह भारत के सबसे अहम राज्य के लिए बहुत सोच–समझकर तैयार किया गया जातिगत नक्शा है। हरीश द्विवेदी के जरिए ब्राह्मणों तक पहुंचने की कोशिश का मकसद मुख्य रूप से सवर्ण वोट बैंक को मजबूत करना है, खासकर तब जब इस समुदाय के कुछ हिस्सों में दबी–छुपी नाराजगी है। साथ ही, इसका मकसद चंदा चोरी वाली उस पुरानी बात का जवाब देना भी है, जिसने आर्थिक गड़बड़ियों के सामने आने के बाद से पार्टी को परेशान कर रखा है। यह समाजवादी पार्टी के पीडीए फॉर्मूले – पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक का सीधा जवाब भी है, जिसने 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के गैर–यादव ओबीसी और दलित वोट बैंक में बड़ी सेंध लगाई है। और मंसूर की लगातार मौजूदगी यह संकेत देती है कि पसमांदा समुदाय तक पहुंचने का प्रयोग – भले ही अब तक उसका फायदा बहुत कम रहा हो लेकिन छोड़ा नहीं जा रहा है। 2024 के लोकसभा नतीजों पर नजर डालें तो साफ पता चलता है कि हालात कितने गंभीर हैं। उत्तर प्रदेश से लोकसभा में 80 सांसद चुनकर आते हैं। 2019 में, अकेले भाजपा ने इनमें से 62 सीटें जीती थीं। 2024 में यह संख्या घटकर 33 रह गई –यानी 29 सीटों का नुकसान हुआ। सहयोगियों को मिलाकर, राज्य में एनडीए की कुल सीटें 64 से घटकर 36 रह गईं। समाजवादी पार्टी ने, जो इंडिया गठबंधन का हिस्सा होते हुए भी ज्यादातर अपने दम पर चुनाव लड़ी थी, 37 सीटें जीतीं – और इस तरह वह उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी पार्टी बन गई। वोट शेयर में भी यह गिरावट साफ दिखती है. यूपी में भाजपा का वोट शेयर 2019 में लगभग 50 प्रतिशत से गिरकर 2024 में करीब 41 प्रतिशत हो गया, जबकि समाजवादी पार्टी का वोट शेयर 18 प्रतिशत से बढ़कर 34 प्रतिशत हो गया –यानी नौ पॉइंट का बदलाव, जिसने भाजपा के मजबूत गढ़ को एक कड़े मुकाबले में बदल दिया। यह गिरावट सिर्फ पार्टी की कमजोर सीटों तक ही सीमित नहीं रही, बल्कि वाराणसी जैसी उसकी सबसे मजबूत सीटों तक भी पहुंच गई। क्षेत्रवार आंकड़े और भी अहम जानकारी देते हैं। पूर्वी यूपी के 26 सीटों वाले इलाके पूर्वांचल में, भाजपा ने सिर्फ 10 सीटें जीतीं –जो 2019 के मुकाबले आठ कम थीं। अवध क्षेत्र में पार्टी को प्रतीकात्मक रूप से सबसे बड़ा नुकसान उठाना पड़ारू फैजाबाद, वह निर्वाचन क्षेत्र जिसमें अयोध्या और राम मंदिर शामिल हैं, वहां समाजवादी पार्टी से 48,000 से ज्यादा वोटों के अंतर से हार का सामना करना पड़ा था। जिस मंदिर को राज्य में भाजपा की सबसे बड़ी चुनावी ताकत माना जा रहा था, वही उसकी सबसे चर्चित हार का केंद्र बन गया. ऐसा लगता है कि इन्हीं नतीजों ने इस फेरबदल की सोच को आकार दिया है। उत्तर प्रदेश की नई टीम सिर्फ मंदिर के प्रतीकों पर निर्भर नहीं है। वह आस्था की राजनीति को जाति–आधारित जमीनी पहुंच और बूथ–स्तर पर संगठन को मजबूत करने की उस कार्यशैली के साथ जोड़ रही है, जिसके लिए बंसल जाने जाते हैं। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन के लिए, इन सभी बातों का नतीजा एक बहुत अहम चुनौती के तौर पर सामने आता है। राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर यह उनका पहला बड़ा संगठनात्मक फैसला है। यह फैसला ऐसे राज्य में लिया गया है जहां पिछले राष्ट्रीय चुनाव में भाजपा के जातियों और समुदायों के गठबंधन में दरारें साफ दिखी थीं। चुनाव में 18 महीने बाकी हैं और टीम तैयार हो चुकी है। देखने वाली असली बात यह होगी कि क्या वे संगठन की मंशा को जमीनी स्तर पर वोटों में बदल पाते हैं या नहीं – खासकर पूर्वांचल और अवध में, जो वे दो इलाके हैं जहां 2024 में भाजपा को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ था।

# भाजपा संसदीय बोर्ड को लेकर उत्सुकता बढ़ी



फरीद वारसी

भले ही काफी देर से ही सही लेकिन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने अपनी नई टीम का ऐलान कर दिया है। राजनीति के जानकारों का मानना है कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन द्वारा गठित की गई उनकी नई टीम हर लिहाज से पूरी तरह से संतुलित हैं। और ऐसे में यह भी कहा जा रहा है कि जिस चुनावी लक्ष्य को हासिल करने के लिए टीम का गठन किया गया है, वह उसमें सफल हो इससे इंकार भी नहीं किया जा सकता है। गौरतलब है कि भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन की टीम के गठन के बाद अब पार्टी की सर्वोच्च निर्णायक इकाई संसदीय बोर्ड को लेकर उत्सुकता बढ़ गई है। पार्टी संविधान के अनुसार संसदीय बोर्ड को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री जैसे पदों पर नियुक्ति की सिफारिश करने का अधिकार है। इसके साथ ही गठबंधन करने, नीतिगत निर्णय करने और अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का अधिकार भी संसदीय बोर्ड को है। संसदीय बोर्ड के सभी सदस्य केंद्रीय चुनाव समिति के भी सदस्य होते हैं जो चुनावों के लिए उम्मीदवारों के नाम तय करती है। संभावना है कि नितिन नवीन जल्दी ही संसदीय बोर्ड, केंद्रीय चुनाव समिति, राष्ट्रीय कार्यकारिणी और राष्ट्रीय परिषद का गठन करें। विदित हो कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संसदीय बोर्ड के पदेन अध्यक्ष होते हैं। इसके अलावा एक महासचिव इसके सचिव बनाए जाते हैं। संसदीय बोर्ड में अमूमन वरिष्ठ नेताओं को जगह दी जाती है। इसे बनाते समय क्षेत्रीय, जातीय और धार्मिक समीकरणों का भी विशेष ध्यान रखा जाता है। भाजपा संविधान के अनुसार इसमें अध्यक्ष को मिला कर अधिकतम 11 सदस्य हो सकते हैं, लेकिन फिलहाल इसमें 12 सदस्य हो गए हैं। वर्तमान में नितिन नवीन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा, कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा, केंद्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल, ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष डॉ. के लक्ष्मण, डॉ. इक़बाल सिंह लालपुरा, डॉ. सुधा यादव और डॉ. सत्यनारायण जटिया इसके सदस्य हैं। राष्ट्रीय संगठन महासचिव बी एल संतोष को संसदीय बोर्ड का सचिव बनाया गया है। वर्तमान संसदीय बोर्ड में कई कद्दावर नेताओं के शामिल नहीं होने पर सवाल उठाया जाता है। हालांकि भाजपा सूत्र इन बातों को ग़लत बताते हैं। उनका कहना है कि संसदीय बोर्ड के गठन में वरिष्ठता का ध्यान रखा गया है। इसके साथ ही एससी, एसटी, अल्पसंख्यक वर्ग को भी प्रतिनिधित्व दिया गया है। संसदीय बोर्ड में एक समय किसी भाजपा शासित राज्य के मुख्यमंत्री को भी सदस्य बनाया जाता था। हालांकि इस पर विवाद हो चुका है। 2006 में राजनाथ सिंह के अध्यक्ष बनने पर उन्होंने तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी को संसदीय बोर्ड से हटा दिया था, जिन्हें पूर्व अध्यक्ष लाल .ष्ण आडवाणी के समय संसदीय बोर्ड में लाया गया था। इसके बाद 2013 में पीएम उम्मीदवार बनने पर उन्हें फिर से सदस्य बनाया गया था। लेकिन साथ में मध्य प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को भी सदस्य बनाया गया था। 2022 में फिर विवाद हुआ था, जब जे पी नड्डा ने अध्यक्ष बनने के बाद मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन



गडकरी को संसदीय बोर्ड से हटा दिया था। मुख्यमंत्री को संसदीय बोर्ड का सदस्य न बनाने के लिए दलील दी जाती है कि संसदीय बोर्ड मुख्यमंत्री का नाम तय करता है। ऐसे में मुख्यमंत्री को इसका सदस्य नहीं रहना चाहिए। हालांकि अब सवाल यह है कि भाजपा के सत्रह मुख्यमंत्रियों में किसे रखा जाए? दिलचस्प बात यह है कि वर्तमान में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्य हैं, लेकिन संसदीय बोर्ड के नहीं। इसी तरह वरिष्ठ मुख्यमंत्रियों में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ या असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की भी दावेदारी बनती है। इसके अलावा भाजपा अध्यक्ष को यह भी तय करना है कि पूर्व अध्यक्ष के नाते जेपी नड्डा को संसदीय बोर्ड में रखा जाए या नहीं। अगर नड्डा संसदीय बोर्ड में बने रहते हैं तो प्रश्न उठेगा कि पूर्व अध्यक्ष होने के नाते नितिन गडकरी सदस्य रहेंगे या नहीं। वहीं केंद्रीय चुनाव समिति का भी गठन होना है। इसमें संसदीय बोर्ड के सभी सदस्यों के साथ ही कुछ अन्य नेताओं को भी शामिल किया जाता है। अभी महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव और महिला मोर्चा की पूर्व अध्यक्ष वी श्रीनिवासन इसकी सदस्य हैं। अब महिला मोर्चा की अध्यक्ष रूप कुमारी चौधरी हैं, जो केंद्रीय चुनाव समिति की पदेन सदस्य होंगी। यह देखना होगा कि नितिन नवीन फडणवीस और भूपेन्द्र यादव को सदस्य बनाए रखेंगे या नए चेहरों को जगह देंगे। नितिन नवीन राष्ट्रीय कार्यकारिणी का भी गठन करेंगे। यह पार्टी की मुख्य कार्यकारी संस्था है। इसमें अध्यक्ष के अलावा अधिकतम 120 सदस्य हो सकते हैं। इनमें भी कम से कम 40 महिलाएं और 12 सदस्य एससी–एसटी वर्ग से होने आवश्यक हैं। साथ ही, राष्ट्रीय अध्यक्ष आवश्यकतानुसार विशेष आमंत्रित तथा स्थायी आमंत्रित सदस्यों को भी मनोनीत कर सकते हैं। राष्ट्रीय परिषद का भी गठन होगा, जिसमें राज्य परिषदों द्वारा निर्वाचित सदस्य, संसदीय दल के 10 प्रतिशत सदस्य, पार्टी के सभी पूर्व अध्यक्ष और राज्यों की विधानसभाओं और विधान परिषदों के नेता, राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सभी सदस्य, पार्टी के सभी राष्ट्रीय मोर्चो के अध्यक्ष और राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा अधिकतम 20 मनोनीत सदस्य होते हैं।

# पुलिस दमन पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला

जंतर–मंतर पर 20 जुलाई को छात्रों के हक की मांग उठा रहे प्रदर्शनकारियों पर दिल्ली पुलिस ने जो अत्याचार पर किया है, उसके खिलाफ दायर याचिकाओं पर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की और एक उच्चस्तरीय समिति गठित करने का निर्णय लिया है। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायाध ीश जोयमाल्या बागची और न्यायाध ीश वी. मोहना की पीठ ने स्पष्ट किया कि इस समिति में सुप्रीम कोर्ट के एक पूर्व जज, किसी हाईकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश और एक वरिष्ठ रिटायर्ड पुलिस अधिकारी शामिल होंगे। पीठ ने कहा कि इस उच्चस्तरीय पैनल को मामले के तथ्य जुटाने का काम सौंपा जाएगा और इसे समय–समय पर अपनी रिपोर्ट देनी होगी, जिसके आधार पर न्यायालय आवश्यक निर्देश जारी करेगा। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया कि समिति महिला प्रदर्शनकारियों के साथ यौन उत्पीड़न, ऑनलाइन उत्पीड़न (साइबर बुलिंग) और सोशल मीडिया के जरिए संवेदनशील,कमजोर वर्ग के लोगों को निशाना बनाए जाने के आरोपों की भी जांच करेगी। शीर्ष अदालत के इस फैसले से यह तो स्पष्ट हो चुका है कि जंतर–मंतर पर शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रहे निहत्थे लोगों पर दमनकारी उपाय आजमाए गए थे। हालांकि 20 जुलाई के सैकड़ों–हजारों वीडियो सोशल मीडिया पर मौजूद हैं, जिनमें नजर आ रहा है कि प्रदर्शनकारियों को मारा–पीटा गया। पीटने वालों में पुलिस की वर्दी पहने लोग भी हैं, जिनमें कईयों की वर्दी पर कोई नाम नहीं है, वहीं कुछ लोग सादे कपड़ों में भी पीटते हुए दिखे। किसी लड़की को पुरुष पुलिसकर्मी ने पीटा तो किसी तिरंगा पकड़े हुए लड़के को पुलिस ने उठा कर पटक दिया, जिससे उसके हाथों से तिरंगा भी जमीन पर गिरा। राहुल गांधी ने तो प्रदर्शनकारियों पर बर्बरतापूर्ण तरीके से पैलेट गन के इस्तेमाल का भी न केवल आरोप लगाया, बल्कि उससे घायल लोगों को मीडिया के सामने प्रस्तुत भी किया। सरकारी अस्पतालों की भी रिपोर्ट आई है कि कम से कम 10 मरीज ऐसे आए जो पैलेट गन से घायल हुए हैं। विपक्षी दलों ने सरकार से इसी पर जवाब मांगा कि प्रदर्शनकारियों पर ऐसे भयावह दमन की इजाजत किसने दी। लोकतंत्र के सबसे बड़े स्थल संसद में बाकायदा सरकार से सवाल पूछा गया, लेकिन जवाब देने की जगह गृहमंत्री अमित शाह ने सदन में आना ही जरूरी नहीं समझा। इधर मंगलवार को ही संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने इस कार्रवाई के लिए दिल्ली पुलिस का बचाव करते हुए कहा कि इतने बड़े आंदोलन के बावजूद किसी व्यक्ति की मौत नहीं हुई, किसी की एक हड्डी नहीं टूटी और किसी प्रदर्शनकारी को गंभीर चोट नहीं लगी। उन्होंने कहा कि आंदोलन का पैमाना बड़ा था और इसमें कथित तौर पर कुछ श्अपराधीश भी छात्रों के रूप में शामिल हो गए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी, श्डफली बजाने वाले प्रदर्शनकारियोंश, भीम आर्मी और समाजवादी पार्टी से जुड़े कई लोग आंदोलन में आए और उन्होंने लोगों को भड़काया। इसके बाद भाजपा शासन के चिर–परिचित अंदाज में किरण रिजिजू ने कांग्रेस की गलती बताते हुए कहा कि उस के शासनकाल में कई आंदोलनों में हजारों लोगों की मौत हुई थी। उनके मुताबिक, अगर इसी तरह का आंदोलन कांग्रेस के शासनकाल में हुआ होता तो स्थिति कहीं ज्यादा गंभीर हो सकती थी। समझ नहीं आता कि 12 साल सत्ता में रहने के बाद भी भाजपा कब तक कांग्रेस सरकार के दौर को याद करती रहेगी। किरण रिजिजू ने कह दिया और सामने सवाल कर रहे पत्रकार ने पलट कर पूछा भी नहीं कि कांग्रेस शासन के किस दौर में हजारों लोग आंदोलनों में मारे गए। अगर ऐसा सवाल किया होता तो पता चलता कि किरण रिजिजू तथ्यों पर बात कर रहे हैं या नहीं। जिस तरह उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति की भी मौत नहीं हुई, एक भी हड्डी नहीं टूटी, तो क्या सरकार में बैठे लोग यही चाहते हैं कि प्रदर्शनकारियों के साथ ऐसा कुछ बुरा हो। दिल्ली पुलिस को क्लीन चिट देते हुए श्री रिजिजू ने कहा कि प्रदर्शन के दौरान दिल्ली प्रशासन ने शुरुआत में एक भी लाठी का इस्तेमाल नहीं किया। प्रदर्शनकारियों को तब रोका गया जब उन्होंने जबरन संसद की ओर मार्च करने की कोशिश की। मान लेते हैं कि पुलिस द्वारा बल प्रयोग का यही सही कारण है। लेकिन सवाल फिर भी उठता है कि अमित शाह ने यही बात संसद में आकर क्यों नहीं बता दी। बिना वजह पूरा मानसून सत्र हंगामे की भेंट चढ़ गया। सवाल यह भी है कि जब सुप्रीम कोर्ट में इस मामले पर सुनवाई होनी ही थी तो उससे पहले किरण रिजिजू ने इस पर दिल्ली पुलिस को सही कैसे ठहरा दिया। क्या न्यायाधीन मामले पर टिप्पणी करने से पहले उन्होंने विचार नहीं किया। गृहमंत्री ने अब तक इस मामले पर अपनी तरफ से कुछ नहीं कहा है, तो क्या ऐसे में हम उम्मीद कर सकते हैं कि सुप्रीम कोर्ट जो जांच कमेटी बनाएगी, वो पुलिस अत्याचार की शत प्रतिशत सही तस्वीर देश के सामने पेश करेगी। क्योंकि पूर्व के अनुभव यही बताते हैं कि ऐसी कमेटियां सालोंसाल जांच में वक्त बिताती हैं और असली दोषी आराम से बच निकलते हैं। जनता भी धीरे–धीरे ऐसे मामलों को भूल जाती है।

# कल्यानपुर पुलिस ने शातिर चोर गिरोह का किया पर्दाफाश, चार गिरफ्तार

## - एलईडी टीवी, बैटरी, इन्वर्टर, जेवरात, नकदी और बाइक समेत चोरी का सामान बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिले की कल्यानपुर थाना पुलिस ने संगठित रूप से चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी के एलईडी टीवी, बैटरी, इन्वर्टर, जेवरात, नकदी, स्कूटी, मोटरसाइकिल समेत बड़ी मात्रा में सामान बरामद करने का दावा किया है। पुलिस के अनुसार बीते दिनों कल्यानपुर थाना क्षेत्र में दो अलग–अलग स्थानों पर चोरी की घटनाएं सामने आई थीं। एक मामले में प्रतिष्ठान . ष्णा इंटरप्राइजेज, जीटी रोड गोविंदपुर मोड़ से नकदी और सामान चोरी हुआ था, जबकि दूसरे मामले में एक इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान से इन्वर्टर, बैटरी समेत अन्य सामान चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई गई थी। दोनों मामलों में मुकदमे दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की थी। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कल्यानपुर पुलिस ने जांच और सुरागरसी के आधार पर चार आरोपियों को गिरतार किया। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए आरोपियों में शफीक पुत्र स्व. कमरुद्दीन निवासी आवास विकास हंसपुरम, थाना नौबस्ता कानपुर नगर, मारूफ शाह पुत्र यासीन शाह निवासी गुन्टापुर मजरे मवईपुर थाना कल्यानपुर फतेहपुर, राशिद उर्फ सज्जान पुत्र मुन्ना निवासी गुन्टापुर मजरे मवईपुर थाना कल्यानपुर और साजिब पुत्र इरफान उर्फ चांद निवासी आवास विकास हंसपुरम थाना नौबस्ता कानपुर नगर शामिल हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने कथित तौर पर अपने साथियों के साथ मिलकर बंद मकानों, घरों और दुकानों की रेकी करने के बाद ताला तोड़कर चोरी की घटनाओं को अंजाम देने की बात बताई। पुलिस के मुताबिक चोरी का सामान आपस में बांटकर बेच दिया जाता था और उससे मिलने वाली रकम से आरोपी अपने खर्च पूरे करते थे। पुलिस ने यह सामान किया बरामद पुलिस के मुताबिक आरोपियों की निशानदेही एवं कब्जे से दो हथौड़े, एक बर्मा, एक प्लास, एक पेचकस, दो चाकू, एक आरी, दो एलईडी टीवी, दो बैटरी, दो इन्वर्टर, करीब आठ किलो कॉपर वायरिंग तार, दो काले रंग की बाइक, एक वायरलेस सेट, सात क्श्र यूनिट के ढक्कन, एक सीलिंग फैन का डायनमो, दो मैरून रंग के ढक्कन, क्श्र को एम्प्लीफायर से जोड़ने वाला तार, एक स्कूटी, दो एंड्रॉयड मोबाइल फोन, 3,950 नकद और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। बरामदगी के आधार पर पुलिस ने संबंधित मुकदमों में धाराओं की बढ़ोतरी करते हुए आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की और उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया। एक आरोपी पर पहले से कई मुकदमे पुलिस की ओर से जारी आपराधिक इतिहास के अनुसार आरोपी शफीक के खिलाफ कानपुर नगर और अन्य स्थानों के विभिन्न थानों में पहले से चोरी, आबकारी अधिनियम तथा एनडीपीएस एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं। वहीं अन्य गिरतार आरोपियों के खिलाफ कल्यानपुर थाने में मौजूदा चोरी के मामलों का उल्लेख किया गया है। पुलिस टीम में ये रहे शामिल गिरतारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक मंगेश कुमार मिश्रा, उपनिरीक्षक विवेक कुमार समेत कल्यानपुर थाने के पुलिसकर्मी शामिल रहे। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ आगे की विधिक कार्रवाई की है।




# सीडीओ ने ली दलहन आत्मनिर्भर मिशन स्टीयरिंग समिति की बैठक

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। जनपद में दलहन की खेती को बढ़ावा देने के लिए दलहन आत्मनिर्भरता मिशन की जनपद स्तरीय स्टीयरिंग समिति की बैठक मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य की अध



यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि दलहन आत्मनिर्भरता मिशन का मुख्य लक्ष्य दालों के आयात को कम करना किसने की आय को बढ़ाना एवं खाद्य एवं पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करना है। उन्होंने दलहन की खेती को बढ़ावा देने के लिए काम उत्पादकता वाले क्षेत्रों को चिन्हित करने पर बोल दिया। इसके साथ उन्होंने निर्देशित किया कि रबी सीजन में किसानों को 50: अनुदान पर बीजों को उपलब्ध कराया जाए। उप .षि निदेशक सत्येंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि खरीफ में 20 हेक्टेयर में अरहर प्रदर्शन, 237 पैकेट निःशुल्क अरहर मिनीकिट बीज, 53 कुंतल अरहर बीज, 3.32 कुंतल उड़द बीज एवं 3.84 कुंतल मूंग बीज का वितरण अनुदान पर किया गया है। फील्ड स्तर पर किसानों के प्रशिक्षण कार्यक्रम भी कराए गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि रबी के लिए चना, मटर एवं मसूर बीज की बुकिंग .षि विभाग के पोर्टल प्रारंभ हो गई है। किसान भाई इसकी बुकिंग करा सकते हैं। इस अवसर पर सुमित कुमार चौहान जिला .षि अधिकारी, रमाकांत त्यागी एलडीएम, डॉ ओंकार सिंह यादव .षि वैज्ञानिक, डॉ पृथ्वी पाल सिंह .षि वैज्ञानिक, विनोद कुमार वर्मा कार्य अधिकारी जिला पंचायत, टूंडला सफल क्रॉप प्रोड्यूसर कंपनी के प्रतिनिधि एवं प्रगतिशील .षक अवधेश प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।

# 22 वे दिन भी लखनऊ में धरना प्रदर्शन जारी

संवाददाता लखनऊ। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन निविदा,संविदा कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री देवेन्द्र कुमार पाण्डेय नें कहा कि उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन निविदा,संविदा कर्मचारी संघ लखनऊ द्वारा बिजली आउटसोर्स कर्मचारियों कि ज्वलंत समस्याओं के समाधान हेतु एवं आये दिन दुर्घटनाओं में आउटसोर्स कर्मचारियों कि हो रही मौतों के खिलाफ 29 जुलाई 2026 से इको गार्डन आलमबाग लखनऊ में शुरू किया गया धरना प्रदर्शन आज 22 वे दिन भी जारी रहा। उन्होंने कहा कि संगठन पदाधिकारी ने कहा कि पावर कार्पोरेशन प्रबंधन द्वारा 5 अगस्त 2026 को आदेश निर्गत किया गया था कि प्रत्येक विद्युत उपकेन्द्रो पर ड्यूटी चार्ट चस्पा किया जाय, अकुशल कर्मचारियों से लाइन का कार्य न कराया जाय, मानक के अनुरूप सुरक्षा उपकरण दिया जाय, ड्यूटी समाप्त होने के बाद पुनः कार्य पर बुलाने पर कर्मचारियों का फेस अटेंडेंस लगाने कि व्यवस्था किया जाय जिसका पालन नहीं किया जा रहा है जिससे कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान

**फैसल चश्में वाले**

(साइन्टिफिक आप्टीशियन)

किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।

(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)

हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्में बनायें जाते है। नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफ्ट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।

नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लेसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।

**फैसल चश्में वाले**

किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, आबू-फतेहपुर


डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS. (H) P.M.P | हाजी खलील अहमद जाफरी, सम्पादक कारखाने हक, 9415065213 | एफ.ए.जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876

# आदर्श स्कूल : किताबें-यूनिफॉर्म नहीं तो स्कूल में प्रवेश नहीं?

## - वायरल संदेश से अभिभावकों में सवाल

न्यूज वाणी ब्यूरो

डलमऊ, मुराईबाग, रायबरेली। आदर्श बाल विद्या मंदिर से जुड़े व्हाट्सऐप ग्रुप के वायरल स्क्रीनशॉट को लेकर स्कूल की व्यवस्थाओं और अभिभावकों पर जारी किए गए दिशा–निर्देशों को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। वायरल संदेशों में स्कूल प्रबंधन की ओर से अभिभावकों को बच्चों की किताबें और पूर्ण यूनिफॉर्म निर्धारित समय–सीमा के भीतर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। 25 जुलाई को भेजे गए संदेश में अभिभावकों से कहा गया कि जिन बच्चों के पास दोनों यूनिफॉर्म, कम्प्लीट यूनिफॉर्म, जूते, सॉक्स, टाई और बेल्ट नहीं हैं, वे उन्हें शीघ्र उपलब्ध कराएं। संदेश में यह भी लिखा गया कि यदि बच्चों के पास कोई पुस्तक उपलब्ध नहीं है तो उसे 30 जुलाई तक दुकान से खरीद लें, अन्यथा 31 जुलाई को सभी पुस्तकें वापस चली जाएंगी और पूरे साल कहीं से भी बच्चों को पुस्तक उपलब्ध नहीं कराई जा सकेगी। इसके बाद 31 जुलाई को भेजे गए एक अन्य संदेश में पुस्तकों की उपलब्धता और पूर्ण यूनिफॉर्म की अनिवार्यता की अंतिम तिथि 31 जुलाई से बढ़ाकर 08 अगस्त किए जाने की बात कही गई। संदेश में अभिभावकों से निर्धारित समय–सीमा तक बच्चों के लिए जरूरी मानकों की पूर्ति करने को कहा गया तथा समय–सीमा के बाद पुस्तकों और पूर्ण यूनिफॉर्म के बिना कक्षाओं में प्रवेश वर्जित होने की बात लिखी गई है। इन वायरल संदेशों के बाद अभिभावकों के बीच यह चर्चा तेज हो गई है कि यदि स्कूल प्रबंधन बच्चों के लिए यूनिफॉर्म, किताब, जूते, बेल्ट और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर इतने सख्त मानक निध ारित कर रहा है, तो स्कूल परिसर में बच्चों की सुरक्षा, स्वच्छ पेयजल, साफ–सफाई, पर्याप्त कक्ष, शिक्षक–छात्र अनुपात, प्राथमिक उपचार, इमरजेंसी व्यवस्था और अन्य मूलभूत सुविध ाओं के क्या मानक हैं? अभिभावकों का आरोप है कि बच्चों से फीस और अन्य मदों में धनराशि लेने के बावजूद उन्हें स्कूल में मिलने वाली सुविधाओं की गुणवत्ता और व्यवस्था को लेकर कई सवाल हैं। वहीं फीस निर्धारण तथा अन्य शुल्कों की पारदर्शिता को लेकर भी शिक्षा विभाग से जांच की मांग उठ रही है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या किसी बच्चे को केवल किताब या पूर्ण यूनिफॉर्म उपलब्ध न होने के कारण कक्षा में बैठने से रोका जाना अथवा स्कूल से निकालने की चेतावनी देना नियमानुसार है? यदि ऐसा प्रावधान है तो स्कूल प्रबंधन को इसकी स्पष्ट जानकारी अभिभावकों को देनी चाहिए और यदि नहीं है तो शिक्षा विभाग को वायरल संदेशों की जांच करनी चाहिए। वहीं स्कूल की ओर से जारी संदेशों में पुस्तकों और यूनिफॉर्म की समय–सीमा से संबंधित निर्देश स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। हालांकि, वायरल संदेशों में स्कूल की अन्य व्यवस्थाओं को लेकर लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। ऐसे में शिक्षा विभाग द्वारा स्कूल का निरीक्षण कर भवन, कक्षों में छात्र संख्या, शिक्षक व्यवस्था, पेयजल, स्वच्छता, सुरक्षा, प्राथमिक उपचार, अग्नि सुरक्षा और फीस संबंधी नियमों की जांच करना जरूरी है।


~ gaurhimanshu2507 +91 83549 24135

सभी अभिभावकों से अनुरोध है कि जिनके बच्चों के पास दोनों यूनिफॉर्म कंप्लीट नहीं है या शूज,साक्स,टाई, बेल्ट नहीं है कृपया उन्हें अतिशीघ्र उपलब्ध करा दें अन्यथा फर्स्ट अगस्त से उन्हें क्लास में बैठने की अनुमति नहीं हो सकती है।
आज्ञा से। आदर्श बाल विद्या मंदिर। 1:31 PM

सभी अभिभावकों के से अनुरोध है कि यदि उनके बच्चों के पास कोई भी बुक उपलब्ध नहीं है तो वह 30 तारीख तक बुक अवश्य दुकान से खरीद लें अन्यथा 31 तारीख को सभी बुके वापस चली जाएगी फिर पूरे साल आप कहीं से भी अपने बच्चों को बुक उपलब्ध नहीं करा सकोगे। 1:35 PM

# नारी सुरक्षा को लेकर मिशन शक्तिसक्रिय

## - हेल्पलाइन से साइबर सुरक्षा तक दी जानकारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मिशन शक्ति अभियान फेज–5 के द्वितीय चरण के तहत थाना वैदपुरा पुलिस ने क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं और आमजन को नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में महिलाओं को विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देने के साथ साइबर अपराध से बचाव के उपाय भी बताए गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने महिलाओं को पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102 एवं 108, वूमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पुलिस टीम ने साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी साझा न करें और संदिग्ध या अज्ञात लिंक पर क्लिक करने से बचें। ऑनलाइन लेन–देन के दौरान विशेष सतर्कता बरतने तथा सोशल मीडिया का सावध ाानीपूर्वक इस्तेमाल करने की भी अपील की गई। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को जागरूकता पंपलेट वितरित किए गए और उन्हें महिला सुरक्षा से जुड़े आवश्यक उपायों की जानकारी दी गई। पुलिस टीम ने कहा कि किसी भी प्रकार की परेशानी या अपराध की स्थिति में तत्काल संबंधित हेल्पलाइन नंबर पर सूचना दें। पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन और साइबर जागरूकता को लेकर लगातार अभियान चलाकर आमजन को जागरूक किया जा रहा है।




# प्रभारी मंत्री ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर पीड़ितों को दिया मदद का भरोसा

## - प्रभावित ग्रामों का ट्रैक्टर से किया भ्रमण

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। जनपद के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेने पहुंचे राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार), उद्यान, .षि विपणन, .षि विदेश व्यापार एवं .षि निर्यात विभाग/प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह व विधायक बलहा सरोज सोनकर के साथ बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों रामपुर रतिया, ध र्मपुर संपत, पूर्व खैरी पुरवा एवं बाबा रामपुर रतिया का निरीक्षण किया। उन्होंने बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली और प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही राहत एवं बचाव व्यवस्थाओं का जायजा लिया। प्रभारी मंत्री ने बाढ़ पीड़ितों को भरोसा दिलाया कि संकट की इस घड़ी में प्रदेश सरकार उनके साथ खड़ी है। प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने अधि ाकारियों को निर्देशित किया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री, भोजन, स्वास्थ्य सुविध ााओं तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की कमी न होने पाए। उन्होंने किसानों से संवाद करते हुए कहा कि जिन किसानों की धान की फसल बाढ़ के पानी में डूबकर प्रभावित हुई है, उनकी फसल का सर्वे कराया जाएगा और नियमानुसार मुआवजा उपलब्ध कराया जाएगा। सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है और उन्हें शासन की प्रत्येक सुविधा एवं योजना का लाभ दिलाने के लिए प्रयासरत है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि बाढ़ से उत्पन्न परिस्थितियों से निपटने के लिए जिला प्रशासन पूरी तत्परता से कार्य कर रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से धैर्य बनाए रखने तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का पालन करने की अपील की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्वत, अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, जनप्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे।



# संक्षिप्त समाचार

## संगठन मजबूती के लिए कांग्रेस ने तेज की कवायद

*– राष्ट्रीय पर्यवेक्षकों ने असोथर ब्लश्वक का लिया जायजा*

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिले में कांग्रेस संगठन को गांव और ब्लॉक स्तर तक मजबूत करने की कवायद तेज हो गई है। संगठन सृजन अभियान के तहत जनपद के दौरे पर आए पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तरीय पर्यवेक्षकों ने असोथर ब्लॉक की संगठनात्मक स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान ग्राम



ललौली में ब्लॉक कमेटी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर संगठन की मौजूदा स्थिति पर चर्चा की गई।

अभियान के तहत राष्ट्रीय सचिव बीरेंद्र राठौर, प्रदेश चेयरमैन अवनीश सलूजा और प्रभारी राहुल राय जिला संगठन के पदाधिकारियों के साथ ललौली पहुंचे। यहां उन्होंने असोथर ब्लॉक कमेटी से जुड़े पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर जमीनी स्तर पर पार्टी की सक्रियता और संगठन की स्थिति के बारे में जानकारी हासिल की। बताया गया कि जिले में प्रवास के दौरान पर्यवेक्षक पार्टी संगठन से जुड़े विभिन्न पहलुओं की लगातार समीक्षा कर रहे हैं। पदाधि ाकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ ही समाजसेवियों और क्षेत्र के गणमान्य लोगों से भी बातचीत कर संगठन के संबंध में फीडबैक लिया जा रहा है। अभियान से संबंधित रिपोर्ट पार्टी नेतृत्व तक पहुंचाई जा रही है। राष्ट्रीय सचिव बीरेंद्र राठौर ने बताया कि विभिन्न ब्लॉक कमेटियों के पदाधिकारियों से मुलाकात कर संगठन की स्थिति का आकलन किया गया है। उन्होंने असोथर ब्लॉक में पार्टी संगठन की स्थिति को बेहतर बताया। इस दौरान जिला सचिव सफीक अली, हबीबउद्दीन खान, ब्लॉक अध्यक्ष आफताब खान, ब्लॉक उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह, अनिल कुमार, शिवा द्विवेदी, विजय प्रताप सिंह, ब्लॉक महासचिव सराफत खां, अजहरुद्दीन खान, मयंक कश्यप, संतोष निषाद, रणविजय तथा ब्लॉक सचिव मो. साहिल, फैजान रजा, फैजान, सलामत, इसरार, राशिद और हिसामुद्दीन सहित ब्लॉक कमेटी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं अन्य सहयोगी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## हरिद्वार जा रही महिला ने गंगा में लगाई छलांग

*– बालावाली पुल पर चप्पल के बहाने रुकी बाइक, पति के सामने नदी में कूदी महिला*

न्यूज वाणी ब्यूरो

मंडावर, बिजनौर। पति और तीन बच्चों के साथ हरिद्वार जा रही 30 वर्षीय महिला ने बालावाली गंगा पुल से अचानक नदी में छलांग लगा दी। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने एनडीआरएफ की टीम को बुलाकर महिला की तलाश शुरू कराई। देर शाम तक उसका कोई सुराग नहीं लग सका। गांव भोजपुर निवासी बॉबी बुधवार को पत्नी मोटी और तीन बच्चों के साथ बाइक से हरिद्वार जा रहा था। परिवार हरिद्वार में रहकर काम करता है। बताया गया कि रास्ते में बालावाली पुल पर महिला ने अपनी चप्पल नीचे गिरने की बात पति को बताई। बाइक रोककर पति चप्पल उठाने के लिए गया, इसी दौरान महिला ने पुल से गंगा में छलांग लगा दी। अचानक हुई घटना से पति और बच्चे घबरा गए। बॉबी ने तत्काल बालावाली पुलिस चौकी को सूचना दी। जानकारी मिलते ही पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और महिला की तलाश शुरू कराई। बाद में एनडीआरएफ की टीम को भी बुलाया गया। टीम ने गंगा में काफी देर तक खोजबीन की, लेकिन महिला का पता नहीं चल सका। पुलिस के अनुसार महिला का मायका बढ़ापुर क्षेत्र में है और उसके तीन बच्चे हैं। परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है। बताया जा रहा है कि परिवार गांव में एक दावत में शामिल होने आया था और वहां से हरिद्वार लौट रहा था। पुलिस ने घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। महिला ने यह कदम क्यों उठाया, इसका स्पष्ट कारण अभी सामने नहीं आया है। एनडीआरएफ की टीम नदी में महिला की तलाश में जुटी हुई है।

## मजदूर की रोडवेज बस की टक्कर से मौत,ऑटो सवार तीन लोग घायल

संवाददाता उन्नाव। जिले में रोडवेज बस की टक्कर से एक ऑटो सवार मजदूर की मौत हो गई। इस हादसे में ऑटो चालक सहित तीन अन्य लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक की पहचान सोहरामऊ थाना क्षेत्र के उमर्रा गांव निवासी रामू पुत्र बाबूलाल उर्फ रामखिलावन के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, रामू मजदूरी कर परिवार का भरण–पोषण करता था। उसके परिवार में दो बेटियां और तीन छोटे बेटे हैं। यह हादसा गुरुवार सुबह करीब 5.00 से 5.10 बजे के बीच दही थाना क्षेत्र में बिछियाली रोड पर दहेच चौकी के पास हुआ। रामू अपने चाचा और चाची को रेलवे स्टेशन छोड़ने के लिए ऑटो से जा रहा था, तभी रोडवेज बस ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि रामू की मौके पर ही मौत हो गई और ऑटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मौके पर चीख–पुकार मच गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने ऑटो चालक सहित तीन घायल यात्रियों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। उनकी हालत पर नजर रखी जा रही है। मृतक के भाई पिंटू कुमार ने बताया कि रामू परिवार में एकमात्र कमाने वाला सदस्य था। उसकी मौत के बाद पांच छोटे बच्चों वाले परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने प्रशासन से परिवार को आर्थिक सहायता और बच्चों की पढ़ाई–लिखाई व देखरेख के लिए सरकारी मदद की मांग की है। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए हैं। पुलिस इस मामले में रोडवेज बस और उसके चालक के संबंध में जानकारी जुटा रही है और आगे की जांच जारी है।

# करंट की चपेट में आने से मासूम की मौत

## - बिजली विभाग में मचा हड़कंप

न्यूज वाणी ब्यूरो

मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर। मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र के मोहल्ला बंगशान स्थित रामनगर कॉलोनी में बृहस्पतिवार सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। सीमेंटेड बिजली खंभे के सपोर्ट में लगे तार में करंट उतरने से आठ वर्षीय मासूम असद उसकी चपेट में आ गया। करंट लगने से बालक गंभीर रूप से झुलस गया और मौके पर ही उसकी हालत बिगड़ गई। हादसे के बाद परिवार में चीख–पुकार मच गई। मां रेशमा बेगम अपने जिगर के टुकड़े को जिंदा होने की आस में तत्काल गोद में उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मीरानपुर कटरा पहुंचीं। परिजनों को उम्मीद थी कि चिकित्सकीय उपचार से बच्चे की जान बच सकती है, लेकिन अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सक ने जांच के बाद असद को मृत घोषित कर दिया। चिकित्सक द्वारा मौत की पुष्टि करते ही परिवार में कोहराम मच गया और मां का रो–रोकर बुरा हाल हो गया।



उबताया जा रहा है कि बिजली खंभे को सहारा देने के लिए लगाए गए सपोर्ट तार में करंट उतर आया था। इसी तार की चपेट में आने से मासूम हादसे का शिकार हुआ। घटना के बाद स्थानीय लोगों में बिजली विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर नाराजगी देखने को मिली। लोगों का कहना है कि यदि बिजली के खंभों और सपोर्ट तारों की नियमित जांच की जाती तो इस तरह के हादसे को टाला जा सकता था। मामला संज्ञान में आने के बाद बिजली विभाग के अधिकारियों ने भी कार्रवाई शुरू कर दी है। अधीक्षण अभियंता अनुज प्रताप सिंह ने घटना को गंभीरता से लेते हुए अवर अभियंता संजय कुमार को नोटिस जारी किया है। नोटिस में अवर अभियंता से हादसे के संबंध में स्पष्टीकरण मांगा गया है और शुक्रवार दोपहर तक जवाब देने के निर्देश दिए गए हैं। मासूम की मौत से रामनगर कॉलोनी में मातम पसरा हुआ है। परिवार के लोगों का रो–रोकर बुरा हाल है। वहीं, घटना के बाद बिजली विभाग के अधिकारी भी मामले की जांच में जुट गए हैं। अब यह देखना होगा कि जांच में हादसे के लिए किसकी लापरवाही सामने आती है और विभाग की ओर से आगे क्या कार्रवाई की जाती है।

# शाह कस्बे में बंदरों का आतंक, दहशत में दुकानदार व स्कूली बच्चे

## - झुंड बनाकर हमला कर रहे बंदर, राहगीरों व कस्बेवासियों में हादसे का खतरा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बहुआ विकास खंड के शाह कस्बे में इन दिनों बंदरों के आतंक से दुकानदारों, स्कूली बच्चों, राहगीरों और स्थानीय निवासियों में दहशत का माहौल बना हुआ है। कस्बे की बाजार से लेकर अंदरूनी आबादी तक बंदरों के झुंड लगातार घूमते नजर आ रहे हैं। हालात यह हैं कि लोग घरों से निकलने और बाजार में आने–जाने के दौरान भी सावधानी बरतने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार बंदरों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है और झुंड बनाकर घूमने वाले बंदर कई बार अचानक लोगों पर हमला करने के लिए दौड़ पड़ते हैं। इससे बाजार में दुकान लगाने वाले व्यापारियों के साथ–साथ खरीदारी करने आने वाले लोगों को भी खतरा बना रहता है। बंदरों के अचानक दुकानों में घुसने और सामान उठा ले जाने से दुकानदार भी परेशान हैं। सबसे अधिक चिंता स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर बनी हुई है। स्कूल आने–जाने वाले बच्चे जब कस्बे की गलियों और बाजार से गुजरते हैं तो बंदरों के झुंड देखकर भयभीत हो जाते हैं।



कई बार बंदरों के अचानक पीछे पड़ जाने से बच्चे घबराकर भागने लगते हैं, जिससे सड़क पर गिरने या किसी वाहन की चपेट में आने का खतरा बना रहता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बंदरों के आतंक की समस्या कोई नई नहीं है, लेकिन अब स्थिति पहले की अपेक्षा गंभीर होती जा रही है। बंदरों के झुंड मकानों की छतों, दुकानों और बाजार के आसपास डेरा डाले रहते हैं। भोजन की तलाश में वे लोगों के घरों और दुकानों तक पहुंच जाते हैं। इस दौरान उन्हें भगाने का प्रयास करना भी लोगों के लिए जोखिम भरा साबित हो सकता है।कस्बे वासियों के मुताबिक बंदरों के कारण राहगीरों में भी भय का माहौल है। खासकर बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को रास्ते से गुजरते समय अतिरिक्त सावधानी बरतनी पड़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते बंदरों को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने की व्यवस्था नहीं की गई तो आने वाले दिनों में कोई बड़ा हादसा हो सकता है। वही आदर्श व्यापार मण्डल एवं उद्योग व्यापार मण्डल के पदाधिकारियो के साथ अन्य दुकानदारों और कस्बेवासियों ने प्रशासन से बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि संबंधित विभाग को मौके पर टीम भेजकर स्थिति का जायजा लेना चाहिए और बंदरों को पकड़ने के लिए अभियान चलाना चाहिए। साथ ही स्कूलों के आसपास विशेष निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था किए जाने की भी मांग उठ रही है।कस्बे के लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द प्रभावी कार्रवाई की जाए, ताकि स्कूली बच्चों, दुकानदारों, राहगीरों और आम नागरिकों को बंदरों के आतंक से राहत मिल सके और किसी संभावित बड़े हादसे को टाला जा सके।

# तहसीलदार ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया औचक निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

लहरपुर, सीतापुर। तहसीलदार मनीष त्रिपाठी ने राजस्व और प्रशासनिक टीम के साथ बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने नदियों के बढ़ते जलस्तर से उत्पन्न स्थितियों का जायजा लिया और तटीय तथा संवेदनशील गांवों का दौरा कर ग्रामीणों से बातचीत की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्राम बरेती पहुंचकर जायजा लिया उन्होंने बताया कि नदी का बहाव अभी नदी के अंदर है पानी स्टड को नुकसान पहुंच रहा है। जिसके संबंध में उन्होंने उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया है। इसी क्रम में अन्य प्रमुख स्थानों पर जलस्तर की स्थिति को देखा और बाढ़ चौकियों को पूरी तरह अलर्ट रहने के निर्देश दिए। तहसीलदार मनीष त्रिपाठी ने मौके पर मौजूद क्षेत्रीय लेखपालों और राजस्व कर्मियों को निर्देशित किया कि वे अपने–अपने क्षेत्रों में लगातार मुस्तैद रहें और जलभराव की स्थिति पर पैनी नजर रखें।



इसके साथ ही उन्होंने प्रभावित इलाकों में ग्रामीणों के सुरक्षित आवागमन के लिए पर्याप्त नावों की व्यवस्था सुनिश्चित करने और बाढ़ चौकियों पर जरूरी राहत सामग्री, पेयजल तथा दवाओं की उपलब्धता बनाए रखने के सख्त आदेश दिए। तहसीलदार ने अधिकारियों से कहा कि बाढ़ प्रभावित परिवारों को हर संभव प्रशासनिक मदद तुरंत पहुंचाई जाए और फसलों को हुए नुकसान का प्रारंभिक आकलन करने की तैयारी शुरू की जाए ताकि समय पर राहत दी जा सके। उन्होंने स्थानीय नागरिकों से भी अपील की कि वे जलभराव वाले क्षेत्रों और नदी के किनारों से दूर रहें तथा किसी भी आपात स्थिति में तुरंत तहसील प्रशासन को सूचित करें।

# डीएम व एसपी ने ग्राम रैपुरा में चौपाल लगाकर छात्रों व ग्रामीणों से किया संवाद

न्यूज वाणी ब्यूरो

महोबा। थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत ग्राम रैपुरा के ग्रामीणों एवं स्कूली छात्रों द्वारा गांव को



जोड़ने वाली सड़क की खराब स्थिति, गड्ढों एवं जलभराव की समस्या को लेकर प्रातः करीब 09.00 बजे झांसी–मिर्जापुर (कुलपहाड़–महोबा) हाईवे पर जाम लगा दिया गया था। सूचना पर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचे तथा ग्रामीणों एवं छात्रों से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना गया। आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिए जाने के उपरान्त करीब 10 बजे जाम समाप्त कर यातायात सुचारू कराया गया। प्रकरण का संज्ञान लेते हुए आज जिलाधिकारी गजल भारद्वाज एवं पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह द्वारा ग्राम रैपुरा पहुंचकर जनचौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों एवं स्कूली छात्रों से सीधे संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया। जनचौपाल के दौरान अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों एवं छात्रों से यह भी संवाद किया गया कि सड़क एवं जलभराव से सम्बन्धित समस्या के संबंध में पूर्व में प्रशासन को अवगत क्यों नहीं कराया गया। अधिकारियों द्वारा स्पष्ट किया गया कि जनसमस्याओं के समाधान हेतु प्रशासन सदैव संवेदनशील एवं तत्पर है तथा किसी भी समस्या की जानकारी सीधे सम्बन्धित अधिकारियों को दी जा सकती है। वहीं, हाईवे पर सड़क जाम किए जाने से यातायात बाधित होने के साथ–साथ एम्बुलेंस, आवश्यक सेवाओं एवं अन्य राहगीरों को भी असुविधा का सामना करना पड़ सकता है, इसलिए भविष्य में समस्याओं के समाधान हेतु संवाद एवं वैधानिक माध्यमों का सहारा लेने की अपील की गई। इस पर ग्रामीणों एवं छात्रों द्वारा सड़क जाम किए जाने की घटना को अपनी गलती स्वीकार करते हुए भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति न करने की बात कही गई तथा प्रशासन के समक्ष अपनी समस्याएं रखने पर सहमति व्यक्त की गई। इस दौरान स्कूली छात्रों द्वारा सड़क की खराब स्थिति एवं जलभराव के कारण विद्यालय आने–जाने में होने वाली कठिनाइयों, मौके पर पुलिस बल के आचरण के संबंध में अधिकारियों को अवगत कराया गया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा छात्रों की समस्याओं को संवेदनशीलता एवं गंभीरता से सुनते हुए उनकी समस्याओं के शीघ्र निराकरण हेतु मौके पर मौजूद सभी सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए तथा छात्रों एवं ग्रामीणों को समस्याओं के प्राथमिकता के आधार पर समाधान का आश्वासन दिया गया। संवादध्जनचौपाल कार्यक्रम में छात्रों एवं ग्रामीणों द्वारा बताई गई विभिन्न समस्याओं को बिन्दुवार नोट किया गया, जिनके सम्बन्ध में सम्बन्धित विभागों से समन्वय स्थापित कर शीघ्र आवश्यक कार्यवाही कराई जाएगी। डीएम एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा कहा गया कि जनसमस्याओं का समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है। जनपद में जनसंवाद एवं जनसुनवाई के माध्यम से आमजन की समस्याओं को प्रभावी ढंग से सुनकर उनके समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निरन्तर प्रयास किए जा रहे हैं।

# मिलावटखोरी पर सख्ती व व्यापारियों के उत्पीड़न पर रोक की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। राज्य कर कार्यालय स्थित अटल सभागार में व्यापार बंधु की बैठक अपर आयुक्त ग्रेड–1 एचपी राव दीक्षित की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में व्यापारियों ने मिलावटखोरी पर प्रभावी अंकुश लगाने, नवीन मंडी में जलभराव और गंदगी की समस्या दूर कराने तथा व्यापारियों के अनावश्यक चालान पर रोक लगाने की मांग प्रमुखता से उठाई। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. एके शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिलावटखोरी के खिलाफ कड़े कानून और प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मिलावटी खाद्य पदार्थों से आम जनमानस के स्वास्थ्य और जीवन पर गंभीर असर पड़ रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन से व्यापारी संगठनों के साथ समन्वय कर कार्ययोजना तैयार करने और मिलावटखोरी पर प्रभावी अंकुश लगाने की मांग की। जिला वरिष्ठ महामंत्री हरि गोपाल शुक्ला ने कहा कि त्योहारों के दौरान आरटीओ और यातायात विभाग से जुड़े अधिकारियों–कर्मचारियों द्वारा व्यापारियों के उत्पीड़न की शिकायतें सामने आ



रही हैं। उन्होंने कहा कि छोटी–छोटी बातों पर वाहनों की फोटो खींचकर तत्काल चालान की धमकी दिए जाने से व्यापारियों में रोष है। उन्होंने व्यापारियों के अनावश्यक चालान पर रोक लगाने और शहर के अंदर माल लाने–ले जाने में आ रही परेशानियों का समाधान कराने की मांग की। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं शहर अध्यक्ष ओम रतन कश्यप ने नवीन मंडी की बदहाल स्थिति का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि बारिश के दौरान मंडी परिसर में जलभराव के साथ भारी कीचड़ और गंदगी फैल जाती है। इससे व्यापारियों के साथ आम लोगों को भी आवागमन में परेशानी होती है। उन्होंने नवीन मंडी में जलभराव और गंदगी की समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की। बैठक में वरिष्ठ व्यापारी नेता आनंद प्रताप अग्रवाल, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक गुप्ता, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष .ष्ण मुरारी गुप्ता, इटावा उद्योग व्यापार मंडल के कार्यवाहक अध्यक्ष अशोक सिंह चौहान टीटू, धर्मेंद्र जैन, इकरार अहमद, सरदार मोहन सिंह, राजीव कुमार पाल, अजय कुमार गुप्ता, रिंकू यादव, सदाशिव श्रीवास्तव, राम मनोहर दीक्षित सहित बड़ी संख्या में व्यापारी नेता मौजूद रहे। इस दौरान विद्युत विभाग से एसडीओ प्रथम पाठ, माप विभाग से नरेश चंद्र, खाद्य विभाग से सतीश कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में व्यापारियों की समस्याओं पर चर्चा कर संबंधित विभागों से उनके शीघ्र निस्तारण की मांग की गई।

# डीएम ने अधिकारियों संग मेडिकल कालेज का किया निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने अपर जिलाधिकारी वि0रा0 कल्पना जयसवाल, सिटी मजिस्ट्रेट विनोद कुमार पांडे के साथ मेडिकल कॉलेज का आकस्मिक निरीक्षण किया, इस दौरान उन्होंने मेडिकल कॉलेज की विभिन्न व्यवस्थाओं और सुविधाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने मेडिकल कॉलेज में अध्ययनरत् एम0बी0बी0एस0 और पी0जी0 के मेडिकल स्टूडेंट्स तथा रेजिडेंस डॉक्टर के साथ सीधा संवाद किया, उन्होंने छात्रों और डॉक्टर से कॉलेज की व्यवस्थाओं में सुधार को लेकर व्यापक चर्चा की। साथ ही जिलाधिकारी ने परिसर में पांचों हॉस्टलों का भी निरीक्षण किया, जहां लगभग 700 से अधिक ट्रेनिंग डॉर्क्ट्स और स्टूडेंट रहते हैं।



हॉस्टल की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए की हॉस्टल वार्डन साप्ताहिक बैठक करें। साथ ही रेजिडेंस डॉर्क्ट्स की समितियां गठित की जाए, जो नियमित रूप से समस्याओं पर चर्चा कर वार्डन और प्रिंसिपल को ब्रीफ करेंगे। परिसर और हॉस्टल में सफाई व्यवस्था सुधारने का निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिया, इसके लिए नगर निगम से नियमित सफाई और कचरा उठान किया जाए। साथ ही जिलाधिकारी ने बिजली और पानी से जुड़ी समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। अंत में जिलाधिकारी ने जनपद में शुरू किए गए ''फिरोजाबाद सुशासन यूट्यूब पहल'' हेतु मोटिवेशनल लेक्चर और कैरियर गाइडेंस देने में मेडिकल कॉलेज के डॉर्क्ट्स की सहभागिता सुनिश्चित करने का प्रस्ताव भी रखा। इस दौरान मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल एवं डॉक्टर नौशाद आदि सम्बन्धित उपस्थित रहें।

# बारा के 13 खिलाड़ी मंडलीय टीम में चयनित

## - जनपदीय फुटबॉल प्रतियोगिता में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बारा। मण्डलीय फुटबॉल प्रतियोगिता 2026 जो कि नेहरू विद्यापीठ रेवतीपुर कल बृहस्पतिवार को आयोजित होगी। मण्डलीय फुटबॉल प्रतियोगिता में बारा स्थित बारा इंटर कॉलेज बारा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में बारा इण्टर कॉलेज बारा के खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया था। जिनमें से विभिन्न आयु वर्गों के 13 खिलाड़ियों का चयन मंडलीय फुटबॉल टीम के लिए किया गया है। ये चयनित खिलाड़ी 20 अगस्त को रेवतीपुर में होने वाली मण्डलीय प्रतियोगिता अंडर– 14, अंडर 17 में बारा का प्रतिनिधित्व करेंगे।




मण्डलीय टीम में चयनित खिलाड़ियों में अंडर –17 में सात खिलाड़ी मोहम्मद फैजान खान, आरिफ खान, मोहम्मद तौसीफ अंसारी, मोहम्मद रेहान खान, आमिर खान, रोशन अली, साहिल कुरैशी। अंडर–14 में अरमान राईन, ओवेश खान, मोहम्मद वसीम हवारी, नदीम हवारी, अताउल्लाह खान, अबूसोफियन खान मण्डलीय टीम का हिस्सा बनेगे।बारा इण्टर कॉलेज बारा के खिलाड़ियों की इस सफलता का श्रेय बारा इण्टर कॉलेज शारीरिक शिक्षक हिमांशु सिंह को दिया जा रहा है। उनके मार्ग दर्शन में खिलाड़ियों की फिटनेस, तकनीक पासिंग डिफेंस और गोलकीपिंग पर विशेष ध्यान दिया जाता है 13 खिलाड़ियों के मण्डलीय टीम में चयन से बारा इण्टर कॉलेज बारा परिवार में हर्ष का माहौल है। शारीरीक शिक्षक हिमांशु सिंह ने खिलाड़ियों की प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों ने कड़ी मेहनत और अनुशासन के साथ प्रतियोगिता में प्रदर्शन किया।

# नसीरपुर औद्योगिक क्षेत्र का डीएम ने लिया जायजा

## – 24 तारीख को आएगी यूपीडा की टीम

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी द्वारा नसीरपुर क्षेत्र में विकसित किए जा रहे औद्योगिक क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कर प्रगति कार्यो का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त उद्योग द्वारा अवगत कराया गया कि यूपीडा द्वारा लगभग 354 एकड़ भूमि अधिगृहीत की गई है। प्लॉट आवंटन की प्रक्रिया के अंतर्गत यूपीडा के श्उप्लाश पोर्टल पर चार प्लॉट आवंटन हेतु प्रदर्शित किए गए थे। इनमें से 10 एकड़ का एक प्लॉट के. एन. इंजीनियरिंग को तथा 4



एकड़ का एक प्लॉट अतुल इंजीनियरिंग को आवंटित किया जा चुका है। वर्तमान में प्लॉट संख्या 6 एवं 7 आवंटन प्रक्रिया हेतु पोर्टल पर प्रदर्शित हो रहे हैं। यूपीडा द्वारा इस औद्योगिक क्षेत्र में भूमि की दर ध्4,400 प्रति स्क्वायर मीटर निर्धारित की गई है। जिलाधिकारी ने समीक्षा के दौरान बताया कि आगामी 24 तारीख को यूपीडा की विशेष टीम क्षेत्र का भ्रमण करेगी तथा स्थानीय उद्यमियों एवं निवेशकों के साथ बैठक कर संवाद स्थापित करेगी। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि विभागीय अधिकारी एवं संबंधित निकाय उद्यमियों को नसीरपुर औद्योगिक क्षेत्र में अधिक से अधिक भूमि क्रय करने तथा इकाइयां स्थापित करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि निवेशकों को भूमि आवंटन व अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी प्रक्रियाओं में पूरा सहयोग प्रदान किया जाए, ताकि क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियों को गति मिल सके। इस औद्योगिक गलियारे के पूर्ण रूप से विकसित होने से जनपद में बड़े पैमाने पर निवेश आएगा और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

# एक घटे में गुम व्यक्ति को बरामद कर परिजनों को सौंपा

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। थाना बलरई पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गुम हुए 37 वर्षीय व्यक्ति को महज एक घंटे के अंदर सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस की इस तत्पर कार्रवाई से परिजनों ने राहत की सांस ली और पुलिस टीम का आभार जताया। जानकारी के अनुसार 19 अगस्त की रात करीब 9.50 बजे थाना बलरई पुलिस को शान्ति देवी पत्नी भैरव पाल सिंह, निवासी अण्डावली, थाना बलरई ने सूचना दी कि उनके पति भैरव पाल सिंह उम्र करीब 37 वर्ष दोपहर के समय घर से कहीं चले गए थे और देर शाम तक वापस नहीं लौटे हैं। सूचना मिलते ही थाना बलरई पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल टीम गठित की और गुम व्यक्ति की तलाश शुरू कर दी। पुलिस टीम ने पतारसी–सुरागरसी करते हुए संभावित स्थानों पर तलाश की। पुलिस की त्वरित कार्रवाई और लगातार प्रयासों के परिणामस्वरूप भैरव पाल सिंह को मात्र एक घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर लिया गया। इसके बाद पुलिस ने गुम व्यक्ति को सकुशल उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। अपने परिजन को सुरक्षित पाकर परिवार के लोगों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया। पुलिस टीम ने परिजनों को भविष्य में आवश्यक सावधानी बरतने तथा गुम व्यक्ति की समुचित देखभाल एवं सुरक्षा के प्रति सजग रहने की सलाह दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद



पुलिस द्वारा गुमशुदा व्यक्तियों की तलाश एवं सकुशल बरामदगी के लिए लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

# धनंजय एसोसिएट्स कार्यालय का चेयरमैन ने फीता काटकर किया उद्घाटन

न्यूज वाणी ब्यूरो

शाहजहांपुर, मीरानपुर कटरा। कटरा–जलालाबाद स्टेट हाईवे पर धनंजय एसोसिएट्स के नवीन कार्यालय का शुभारंभ किया गया। नगर पंचायत कटरा की अध्यक्ष पूजा कसाना ने फीता काटकर कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने धनंजय एसोसिएट्स के प्रोपराइटर धनंजय वर्मा को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उद्घाटन समारोह के दौरान धनंजय एसोसिएट्स के प्रोपराइटर धनंजय वर्मा ने बताया कि मीरानपुर कटरा क्षेत्र के लोगों और व्यापारियों की सुविधा को देखते हुए कार्यालय की शुरुआत की गई है। यहां इनकम टैक्स, जीएसटी सहित कर एवं लेखा संबंधी विभिन्न कार्यों को सुगमता और व्यवस्थित तरीके से



कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यालय खुलने से क्षेत्र के व्यापारियों, दुकानदारों और अन्य लोगों को इन कार्यों के लिए दूर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। नगर पंचायत अध्यक्ष पूजा कसाना ने कहा कि क्षेत्र में इस प्रकार की सेवाओं से संबंधित कार्यालय खुलने से स्थानीय लोगों को सुविधा मिलेगी। उन्होंने धनंजय वर्मा को नए प्रतिष्ठान की शुरुआत के लिए बधाई देते हुए सफलता की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर अध्यक्ष पति दानिश जीशान खान, कटरा सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद वर्मा, रामनिवास वर्मा, आलोक वर्मा, पारस गुप्ता, प्रवीण वर्मा, ज्ञान प्रकाश वर्मा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे। सभी ने धनंजय एसोसिएट्स के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# संक्षिप्त समाचार

## तिरंगा यात्रा निकाल ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने मांगी पुरानी पेंशन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर पंचायतीराज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के बैनर तले कर्मचारियों ने गुरुवार को इंदिरा स्टेडियम से कलेक्ट्रेट स्थित शहीद स्मारक तक तिरंगा यात्रा निकाली। कर्मचारियों ने डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा गया। नगर मजिस्ट्रेट ने ज्ञापन शासन तक भेजने का आश्वासन दिया। यात्रा में जिलाध्यक्ष गोपाल शरण सिंह, महामंत्री तरुण मिश्रा, कोषाध्यक्ष अलीम अहमद सहित सैकड़ों ग्रामीण सफाई कर्मचारी शामिल रहे।

## पूर्व पीएम राजीव गांधी की जयंती पर लगा चिकित्सा शिविर

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती को सद्भावना दिवस के रूप में मनाते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. आजाद बेग के निर्देश पर प्रदेश महासचिव डॉ. अजीमुल्ला खान ने गौतम गाजी पाली क्लीनिक में निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया। शिविर में दर्जनों मरीजों की जांच कर उन्हें निशुल्क दवाएं वितरित की गईं। डॉ. खान ने कहा कि कांग्रेस सेवा, सहयोग, भाईचारे और जनकल्याण की भावना के साथ कार्य करती रही है। इस दौरान कुलदीप यादव, रिंकू यादव, नदीम अहमद, मोहित, आर्यन व रिया जायसवाल सहित अन्य मौजूद रहे।

## स्मार्ट ग्राम भरतपुर का प्रभारी मंत्री ने किया निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा की गई घोषणा के अनुपालन में कतर्नियाघाट वन्य जीव विहार की गोद में बसे जनपद के दूरस्थ ग्राम भरथापुर के विस्थापित परिवारों के लिए ग्राम सेमरहना में विकसित किये जा रहे स्मार्ट गांव भरतपुर का राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार), उद्यान, .



षि विपणन, .षि विदेश व्यापार एवं .षि निर्यात विभाग/प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम्य विकास, लोक निर्माण विभाग, विद्युत, जल निगम, बाल विकास एवं पुष्टाहार व बेसिक शिक्षा सहित अन्य सम्बन्धित विभाग भरथापुर ग्राम के विस्थापित परिवारों के लिए सभी सुविधाओं से सुसज्जित स्मार्ट ग्राम का निर्माण करने की दिशा में निरन्तर अग्रसर हैं। भरतपुर के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि आवासीय भवनों का निर्माण कार्य लिन्टर स्तर तक पूर्ण कर लिया गया है। विद्युत विभाग द्वारा खम्भे लगाकर विद्युत लाईने बिछाकर विद्युत आपूर्ति से ग्राम को आच्छादित किया जा चुका है। जबकि लोक निर्माण विभाग द्वारा आंतरिक गलियों के प्रथम फेज अन्तर्गत मिट्टी भराई के उपरान्त गिट्टी डालकर रोड रोलर से कमपैक्शन का कार्य पूर्ण कर रोड़ का निर्माण का कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा अन्य सम्बन्धित विभागों द्वारा भी ग्राम में सुविधाओं का विकास तेजी के साथ किया जा रहा है। प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री की मंशानुरूप स्मार्ट ग्राम के विकास में होने वाले कार्यों को पूरी गुणवत्ता एवं मानक के साथ समयबद्धता के साथ पूर्ण करें। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह, विधायक बलहा सरोज सोनकर, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्वत, विधायक बलहा प्रतिनिधि आलोक जिंदल, उप जिलाधिकारी मिहींपुरवा (मोतीपुर) मोनालिसा जौहरी, अधि. अभि. लो.नि.वि. प्रा.ख. प्रदीप कुमार, पीडी डीआरडीए मनीष कुमार, जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी सहित अन्य विभागों के अधिकारी, मण्डल अध्यक्ष संजय मौर्या, भूरे प्रसाद मौर्य, प्रधान प्रीतम निषाद व राजेश गुप्ता, मीडिया प्रभारी प्रफुल्ल जायसवाल मौजूद रहे।

## मोबाइल चोर को मौके से पकड़कर भेजा जेल

न्यूज वाणी ब्यूरो /नानौता, सहारनपुर। बुद्धवार की दोपहर महिला से सरेराह मोबाइल छीन कर भागने की घटना घटित हुई थी इस सम्बन्ध में हसीन पत्नी हासिम निवासी मौहल्ला कानूनगोयान नानौता की तहरीर बाबत पकड़ेगए अभियुक्त द्वारा वादिया का मोबाइल छीन कर भागने का




प्रयास किया गया,इस सम्बंध मेंथाना नानौता पर मु0अ0स0 206/2026 धारा 304(2) बीएनएस के पंजी.त किया गया। थाना नानौता पुलिस द्वारा मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त मोनिस पुत्र सलीम उर्फ अमीर निवासी मौ0 नन्नू कस्बा जलालाबाद थाना थानाभवन जनपद शामली को गिरतार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से घटना से सम्बन्धित छिनैती का मोबाइल फोन बरामद। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गयी। गिरतार अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए समय से न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# नगर पालिका में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का पीएफ घोटाला

## - 15 अप्रैल को कोरम के आभाव में ईओ ने की बैठक स्थगित

न्यूज वाणी ब्यूरो

जमानियां। नगर पालिका परिषद में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का पीएफ घोटाला, 15 अप्रैल को कोरम के आभाव में ईओ द्वारा स्थगित बैठक को अध्यक्ष द्वारा अनैतिक तरिके से संचालित कर कराये गये टेंडर को निरस्त किया जाय ,गृहकर व ट्रेड शुल्क में बेतहासा वृद्धि, भ्रष्टाचार और कथित तानाशाही रवैये के विरोध में आक्रोशित सभासदों का 11 सूत्रीय मांग के साथ अनिश्चितकालीन धरना–प्रदर्शन चौथे दिन बृहस्पतिवार को भी जारी रहा। सभासदों ने अपने हाथो में काली पट्टी बाधकर नपा अध्यक्ष के विरोध में गगनभेदी नारों से पूरा नपा कार्यालय गुंजायमन रहा। सभासदों का आरोप है कि आदर्श नगर योजना के तहत बनी तीनो सड़क नगर पालिका मार्ग, देवी दयाल मार्ग, जिनोदपुर मार्ग का दो करोड़ के करीब का पोल लाईट के पैसे के घोटाले की




जांच कराई जाय। आउट सोर्सिंग कर्मचारियों का शोषण को बन्द करने के साथ ही उनकी नियुक्ति प्रक्रिया तथा पिछले दो वर्ष का पीएफ कटौती को सार्वजनिक करने सहित बलुवा घाट पर हुवे कामों में धांधली की जांच, नामांत्रण में अवैध वसूली, गृहकर वृद्धि व ट्रेड शुल्क को तत्काल समाप्त किया जाय तथा वार्डों में जनहित से जुडी समस्याओं का सभासदों से प्रस्ताव लेकर तत्काल टेंडर प्रक्रिया पूरी कराकर विकाश कार्य कराया जाय। वही नगर पालिका द्वारा विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत स्वी.त या निकाले गये विकाश कार्यों के टेंडर एवं वित्तीय पत्रावलियों की निष्पक्ष जांच प्रशासनिक समिति का गठन करके कराया जाय व अनैतिक तरीके से पास प्रस्ताव की जांच कराने के साथ ही पुनः बोर्ड की बैठक बुलाई जाय। धरने में सभासद प्रमोद यादव, राहुल वर्मा, सचिन वर्मा, विकास जायसवाल, मनीष यादव, मोहन गुप्ता, सुरेन्द्र चौधरी, अंजनी गुप्ता, राकेश प्रजापति, राजा चौधरी, आशिम खां, रजनीकांत उपाध्याय, राजा बाबू, सभासद प्रतिनिधि शिवबचन यादव, उमराव यादव, अरशद मंसूरी, शमीम अंसारी, आमिर उर्फ गोलू सहित 18 सभासद मौजूद रहे।

## विकास भवन सभागार में किसान समाधान दिवस कार्यक्रम का आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। विकास भवन सभागार में किसान समाधान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्री शत्रोहन वैश्य, मुख्य विकास अधिकारी ने उपस्थिति .षकों को बताया कि जनपद में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है। साथ ही जिला .षि अधिकारी को निर्देशित किया की उर्वरकों की कालाबाजारी, जमाखोरी, ऑवर रेटिंग करने वाले उर्वरक विक्रेताओं के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करें। उन्होने बताया कि खतौनी में अंश निर्धारण, नाम सुधार के लिये .षक ऑनलाइन आवेदन कर राजस्व विभाग से त्रुटि में सुधार करवा सकते है। साथ ही बिजली बिल सुधार, बिजली की आपूर्ति से सम्बन्धित शिकायतों का अधिशासी अभियन्ता विद्युत को निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विगत 03 वर्षों के लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र वितरित किये। श्री सत्येन्द्र प्रताप सिंह, उप .षि निदेशक द्वारा .षकों को बताया गया, कि जनपद में प्रत्येक गुरूवार को फॉर्मर रजिस्ट्री स्पेशल ड्राइव अभियान संचालित किया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत ग्राम सचिवालय में लेखपाल, सचिव, पंचायत सहायक एवं .षि विभाग के कार्मिकों द्वारा .षकों की फॉर्मर रजिस्ट्री बनाने का कार्य किया जा रहा है, वंचित .षक अपनी फॉर्मर रजिस्ट्री अनिवार्य रूप से बनवायें जिससें उन्हे समय से खाद एवं बीज उपलब्ध हो सकें। साथ ही .षकों को अवगत कराया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत खरीफ फसलों की बीमा कराने की अंतिम अवधि 31 अगस्त 2026 कर दी गयी है। इच्छुक .षक बैंक ए जनसेवा केन्द्र के माध्यम से बीमा कराकर लाभ प्राप्त कर सकते है। डा० सोमेश गुप्ता, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी द्वारा .षकों को अवगत कराया गया कि पशुपालन विभाग द्वारा खुरपका–मुँहपका एवं एल०एस०डी० जैसी बीमारियों का टीकाकरण अभियान संचालित है, जिसके अन्तर्गत विभागीय टीमों द्वारा ग्रामों में टीकाकरण कराया जा रहा है। साथ ही पशुपालन विभाग द्वारा जारी टॉल फ्री नंम्बर 1962 पर .षक पशु सम्बन्धित आपात कालीन स्थिति में दूरभाष से सम्पर्क उचित समाधान प्राप्त कर सकते है। श्री ओमकार सिंह, वरिष्ठ वैज्ञानिक द्वारा .षकों को बताया कि .षकबन्धु मृदा परीक्षण की संस्तुति के आधार पर ही उर्वरकों का ही उपयोग करे जिससे उन्हे कम लागत में अधिक मुनाफा प्राप्त हो सकें। साथ ही खेतों में हरी खाद के उपयोग को बढावा देने के की सलाह दी। श्री पृथ्वी पाल सिंह, वरिष्ठ वैज्ञानिक ने उपस्थिति .षकों को अमरूद, नीवू, शिमला मिर्च में लगने वाले कीटों एवं उनके उपचार की समसामयिक जानकारी प्रदान की। किसान समाधान दिवस में आलोक कुमार, प्रतिनिधि–सहायक आयुक्त एवं सहायक निवन्धक सहकारिता, रमनकान्त, प्रबन्धक जिला अग्रणी बैंक, रविन्द्र कुमार सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई, अभिषेक कुमार, सचिव मण्डी समिति, कौशलेन्द्र प्रताप, मत्स्य निरीक्षक, रमनदीप, उद्यान निरीक्षक, राहुल प्रताप, अवर अभियन्ता विद्युत, हाकिम सिंह, सहायक अभियन्ता सिंचाई, रामबाबू प्रतिनिधि दुग्ध, संघ, मयंक शर्मा, प्रतिनिधि फसल बीमा, आदि उपस्थित रहे। साथ ही प्रगतिशील .षक विष्णुदत्त शर्मा, प्रेमपाल, राजन सिंह, सुरेश चन्द्र भाटिया, मोहन सिंह,




रामवीर सिंह, रवेन्द्र सिंह, दीपक सिंह, रमाशंकर, यादराम, राजीव कुमार, रामेश्वर जनपद के विभिन्न विकास खण्डों के .षकों ने किसान समाधान दिवस में प्रतिभाग किया कार्यक्रम के अन्त में उप .षि निदेशक द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

## सड़क हादसों पर सख्ती, ब्लैक स्पॉट पर लगेंगे चेतावनी बोर्ड

### - डीएम ने दिए सुरक्षा उपाय तेज करने के निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं अपर पुलिस अधीक्षक अभयनाथ त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में आयोजित हुई।



बैठक में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने, दुर्घटना संभावित स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने को लेकर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि चिन्हित ब्लैक स्पॉट सहित सभी दुर्घटना संभावित स्थलों पर तत्काल आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जाएं। ऐसे स्थानों पर .पया धीरे चलें, आगे खतरा है और दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र जैसे चेतावनी संदेश वाले साइन बोर्ड अनिवार्य रूप से लगाए जाएं, ताकि वाहन चालकों को पहले से खतरे की जानकारी मिल सके और हादसों में कमी लाई जा सके। उन्होंने दुर्घटना संभावित स्थानों पर स्ट्रीट लाइटें शत–प्रतिशत क्रियाशील रखने तथा आवश्यकता के अनुसार क्रैश एवं सेटी बैरियर लगाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने एक्सप्रेसवे पर अवैध पार्किंग को पूरी तरह प्रतिबंधित करने और प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने वाहन चालकों से हाई स्पीड में वाहन न चलाने तथा शराब के नशे में वाहन चलाने से बचने की अपील की। बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री राहत योजना के अंतर्गत दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति का चिन्हित अस्पतालों में 1.50 लाख रुपये तक का मुत इलाज कराया जाएगा। राष्ट्रीय राजमार्ग पर होने वाली प्रत्येक दुर्घटना की सूचना पर एनएचएआई अधिकारियों को तत्काल घटनास्थल का निरीक्षण कर हादसे के कारणों की जांच करने और आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। एक ही स्थान पर बार–बार दुर्घटनाएं होने पर तत्काल प्रभावी समाधान करने को कहा गया। इसके लिए एनएचएआई और पुलिस विभाग के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने जनपद में संचालित अनफिट वाहनों को नोटिस जारी करने और आवश्यक मानकों की जांच के बाद ही उनका संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही वाहन चालकों का पुलिस सत्यापन कराने को कहा। एआरएम को रोडवेज बसों में यात्रियों के बीच जहरखुरानी से सावधान रहें संबंधी जागरूकता पंपलेट वितरित कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में सड़कों पर बनाए गए अवैध कट तत्काल बंद कराने, सर्विस रोड के किनारे रखा सामान हटाकर अतिक्रमण मुक्त कराने तथा अंडरपासों की नियमित सफाई और सौंदर्यीकरण कराने के निर्देश दिए गए। चौराहों और तिराहों पर रोडवेज बसों के अनावश्यक ठहराव पर रोक लगाने तथा बसों के निर्धारित स्टॉपेज और पिकअप प्वाइंट तय करने को कहा गया। यात्रियों को निर्धारित बस स्टेशन एवं रेलवे स्टेशन से ही बैठाने और अन्य डिपो की बसों के अनियंत्रित शहर प्रवेश पर नियंत्रण के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा की मुख्यमंत्री स्तर पर नियमित समीक्षा की जा रही है, इसलिए सभी संबंधित विभाग निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करें। बैठक में सीओ ट्रैफिक राम गोपाल शर्मा, एआरटीओ प्रशासन प्रवर्तन हुमा परवीन, एआरटीओ प्रदीप देशमणि, यातायात प्रभारी, एसीएमओ, एआरएम अमित सिंह, पीडब्ल्यूडी विभाग सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## पुलिस परिवार के बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, वामा सारथी ने किया सम्मान

न्यूज वाणी ब्यूरो /इटावा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन में वामा सारथी अध्यक्षा रीना श्रीवास्तव की गरिमामयी उपस्थिति में पुलिस परिवार के बच्चों के लिए लैग मेकिंग प्रतियोगिता सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में देशभक्ति, रचनात्मकता, खेल भावना और आत्मविश्वास को बढ़ावा देना रहा। प्रतियोगिता में पुलिस परिवार के बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। बच्चों ने लैग मेकिंग के साथ एथलेटिक्स, बैडमिंटन, योग, बास्केटबॉल, हॉकी, बाल थ्रो सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं के दौरान बच्चों में खासा उत्साह और उमंग देखने को मिला। प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन के बाद परिणाम घोषित किए गए। उत.ष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान बच्चों को मेडल, प्रमाण–पत्र और उपहार



प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस दौरान बच्चों के चेहरे पर खुशी और आत्मविश्वास साफ नजर आया। इस अवसर पर वामा सारथी अध्यक्षा रीना श्रीवास्तव ने सभी प्रतिभागी बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम ने पुलिस परिवार के बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने के साथ–साथ देशभक्ति और खेल भावना से जुड़ने का अवसर प्रदान किया।

## स्व. राजीव गांधी की जयंती पर बुजुर्गो को किया सम्मानित व पेड़ पौधे लगाए

न्यूज वाणी ब्यूरो

रायबरेली। प्रियदर्शिनी पब्लिक स्कूल भदोखर में स्व. राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर कांग्रेसी नेता आमीन पठान व युवा उपाध्यक्ष राजन यादव व पूर्व युवा इंटक अध्यक्ष अमित कुमार त्रिपाठी ने वरिष्ठ जन सम्मान समारोह व वृक्षारोपण कार्यक्रम पेड़ पौधे लगाकर सम्मानित बुजुर्गों नागरिको व छात्र छात्राओं की



मौजूदगी में मनाया।

मुख्य रूप से सम्मानित बुजुर्ग व वरिष्ठ जन मोहन सिंह, धनेश यादव, वीरेंद्र कुमार, वरिष्ठ नेता कांग्रेस अमित त्रिपाठी, कुंवर बहादुर सिंह व सचिन भारतीय को आमीन पठान ने माला पहना कर सम्मानित किया। इस अवसर पर छात्र छात्राएं अंशी मौर्य, भूपेंद्र यादव, शिरीष, अंकित सिंह, शैलेन्द्र, ललित, आयुषी, सौरभ, मिनाक्षी, सूरज, किरन, रितेश, सौम्या, प्रिया, हिमांशु प्रजापति आदि सैकड़ों छात्र उपस्थित रहे।

## ताजनगरी में होगा उद्यमी प्रोत्साहन पुरस्कार एडिशन 1 का भव्य आयोजन

### – उद्यमियों को योजनाओं से लोड़ना लक्ष्य : डा. सुनील

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश के युवा और महिला उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एमएसई चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज एसोसिएशन द्वारा ताजनगरी आगरा में उद्यमी प्रोत्साहन पुरस्कार एडिशन 1 का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में संस्था के पदाधिकारियों ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन कर कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा साझा की। संस्था के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. सुनील जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था का लक्ष्य केवल सम्मान देना नहीं, बल्कि नए व स्थापित उद्यमियों को भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना है। इसके तहत उद्यमियों को प्रमोशन सब्सिडी, व्यापार मेला, जेम पोर्टल, टेंडर प्रक्रिया और सरकारी खरीद जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। कार्यक्रम में एमएसएमई, नेशनल एससी/एसटी हब, जेम पोर्टल, चार्टर्ड अकाउंटेंटएवं विभिन्न विभागों



के उच्च अधिकारी मौजूद रहेंगे। जो उद्यमियों को सीधे मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। कार्यक्रम संयोजक दीपांशी जिंदल एवं सत्यम प्रतीक यादव ने बताया कि, उत्तर प्रदेश के किसी भी जिले के युवा व महिला उद्यमी इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। नामांकन का कोई भी शुल्क नहीं रखा गया है। इच्छुक उद्यमी 28 अगस्त तक संस्था की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना नॉमिनेशन फॉर्म भर सकते हैं। आवेदन के लिए फर्म का उद्यम रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य है। डॉ. रचना उपाध्याय ने बताया कि चयनित उद्यमियों को भव्य ट्रॉफी और प्रमाण पत्र के साथ–साथ संस्था की निःशुल्क सदस्यता भी प्रदान की जाएगी। डॉ. रश्मि गुप्ता ने स्पष्ट किया कि उद्यमियों को सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ दिलाने के लिए संस्था कोई भी शुल्क नहीं लेती है, यह पूरी तरह निरूस्वार्थ सेवा है। इस मौके पर एमडी डॉ. सुनील जैन, संदीप गुप्ता, डॉ. रचना उपाध्याय, डॉ. रश्मि गुप्ता, सत्यम प्रतीक यादव, दीपांशी जिंदल, काव्य जिंदल सहित संस्था के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर निकाली तिरंगा यात्रा

न्यूज वाणी ब्यूरो

रायबरेली। उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के तत्वावधान में सफाई कर्मचारियों ने अपनी लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने बुढ़ापे में सामाजिक सुरक्षा और सम्मान की बहाली के लिए पुरानी पेंशन योजना को लागू करने की मांग उठाई। इस दौरान राही ब्लॉक से हाथी पार्क तक एक विशाल एवं भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। राही ब्लॉक से हाथी पार्क तक गूंजे नारे तिरंगा यात्रा की शुरुआत राही ब्लॉक मुख्यालय से हुई, जिसमें सैकड़ों की संख्या में सफाई कर्मचारियों ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लेकर भाग लिया। कर्मचारियों का यह जुलूस नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ हाथी पार्क तक पहुंचा। यात्रा के दौरान




कर्मचारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में एकजुटता दिखाई और पुरानी पेंशन की बहाली को लेकर नारेबाजी की। ओपीएस ही बुढ़ापे की सच्ची लाठीश संघ के प्रतिनिधियों और वक्ताओं ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सफाई कर्मचारी दिन–रात निस्वार्थ भाव से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता बनाए रखने का कार्य करते हैं। इसके बावजूद सेवानिवृत्ति के बाद उनके पास सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा का कोई पुख्ता साधन नहीं रहता। वक्ताओं ने जोर देकर कहा किरू पुरानी पेंशन की बहाली कर्मचारियों के बुढ़ापे का एकमात्र सहारा पुरानी पेंशन योजना है, जिसे सरकार को तत्काल बहाल करना चाहिए।

## मिशन शक्ति : महिलाओं को सुरक्षा व साइबर अपराध से बचाव की दी जानकारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मिशन शक्ति अभियान फेज–5 के द्वितीय चरण के तहत पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को लेकर लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना पछायगांव पुलिस ने थाना क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं आमजन को महिला सुरक्षा के



साथ–साथ साइबर अपराध से बचाव के प्रति जागरूक किया।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने उपस्थित महिलाओं और अन्य लोगों को विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि किसी भी आपात स्थिति में पुलिस की 112, स्वास्थ्य सेवा के लिए 102 एवं 108, महिला संबंधी सहायता के लिए 1090 एवं 181, बच्चों की सहायता के लिए 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा साइबर अपराध की शिकायत के लिए 1930 नंबर पर संपर्क किया जा सकता है। पुलिस टीम ने साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी। लोगों को बताया गया कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी साझा न करें, संदिग्ध या अज्ञात लिंक पर क्लिक करने से बचें और ऑनलाइन लेन–देन के दौरान विशेष सतर्कता बरतें। सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते समय भी व्यक्तिगत जानकारी अनजान लोगों के साथ साझा न करने की अपील की गई। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को सुरक्षा संबंधी उपायों की जानकारी देने वाले पंपलेट भी वितरित किए गए। पुलिस टीम ने महिलाओं से किसी भी प्रकार की परेशानी या अपराध की स्थिति में तत्काल संबंधित हेल्पलाइन अथवा पुलिस से संपर्क करने की अपील की। इटावा पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन और साइबर सुरक्षा को लेकर लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर आमजन को सुरक्षित रहने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

## जनहित के मुद्दों पर संघर्ष जारी रहेगा : इमरान लतीफ

न्यूज वाणी ब्यूरो

सिद्धार्थनगर। आम आदमी पार्टी के बौद्ध प्रान्त अध्यक्ष एवं डुमरियागंज विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी इंजीनियर इमरान लतीफ ने विधानसभा क्षेत्र के मिठवल ब्लॉक के विभिन्न गांवों का दौरा कर स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने मसिना खास के प्राथमिक विद्यालय तथा मसिना बाजार की बदहाल सड़क का निरीक्षण किया और क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। मसिना खास के प्राथमिक विद्यालय की स्थिति देखकर इमरान लतीफ ने गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि जिस विद्यालय में गरीब और सामान्य परिवारों के बच्चे शिक्षा हासिल करने आते हैं, वहां स्कूल भवन जर्जर हालत में है, विद्यालय परिसर में कुआं मौजूद है और जगह–जगह पानी जमा होने से सड़ांध फैल रही है। यह स्थिति बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा दोनों के लिए गंभीर खतरा है। उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के बड़े–बड़े दावे करती है, लेकिन गांवों में सरकारी स्कूलों की वास्तविक तस्वीर उन दावों की पोल खोल रही है। जब बच्चों को सुरक्षित और स्वच्छ स्कूल का वातावरण तक उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है तो आखिर विकास के इन दावों का मतलब क्या है? इमरान लतीफ ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा सरकार के



पास नफरत और विभाजन की राजनीति के लिए तो समय और संसाधन हैं, लेकिन गांवों के जर्जर स्कूल और बदहाल सड़कों के लिए कोई समय नहीं है। उन्होंने कहा कि जनता को भाषण और नफरत नहीं चाहिए, जनता को अच्छी सड़क, बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी और रोजगार चाहिए। भाजपा नेता राघवेंद्र सिंह पर निशाना साधते हुए इमरान लतीफ ने कहा कि राघवेंद्र सिंह नफरत की राजनीति छोड़कर जनता के बीच जाएं और बताएं कि उनके क्षेत्र में स्कूलों और सड़कों की यह दुर्दशा क्यों है। जनता के असली सवालों से ध्यान भटकाने के लिए धार्मिक और भावनात्मक मुद्दे उठाने से गांवों की समस्याएं खत्म नहीं होंगी। उन्होंने कहा कि मसिना बाजार की सड़क पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। इस मार्ग से प्रतिदिन गुजरने वाले राहगीरों, व्यापारियों, विद्यार्थियों और स्थानीय ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि समस्या का समाधान करने के बजाय आंखें बंद किए बैठे हैं। इमरान लतीफ ने कहा कि वोट के समय गांवों की जनता और उनकी समस्याएं याद आती हैं, लेकिन चुनाव खत्म होते ही जनप्रतिनिधि जनता से दूरी बना लेते हैं। अब ऐसा नहीं चलेगा। जनता अपने अधिकारों और बुनियादी सुविधाओं के लिए सवाल भी पूछेगी और संघर्ष भी करेगी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि मसिना बाजार की सड़क का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू नहीं किया गया तो आम आदमी पार्टी स्थानीय जनता के साथ मिलकर बड़ा जनआंदोलन खड़ा करेगी। जनहित के सवालों पर किसी भी कीमत पर समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की राजनीति लोगों को आपस में लड़ाने और समाज में नफरत फैलाने की नहीं, बल्कि जनता के हक, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सड़क और विकास के लिए संघर्ष करने की राजनीति है। इमरान लतीफ ने कहा कि डुमरियागंज विधानसभा क्षेत्र की जनता की समस्याओं को मजबूती से उठाना उनकी प्राथमिकता है। जनता की आवाज को दबने नहीं दिया जाएगा और जनहित के मुद्दों पर संघर्ष तब तक जारी रहेगा, जब तक क्षेत्र की जनता को उसका हक और बुनियादी सुविधाएं नहीं मिल जातीं इस दौरान जिला अध्यक्ष जलाल चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष राम करण गौड़, नोमान उस्मानी, सुभाष गौतम, जिला सचिव इमरान खान, राम नारायण पाडेय, महेश वर्मा, रावी रिजवी, अब्बास काजमी, देवेंद्र सिंह, नायब उस्मानी आदि मौजूद रहे।

## चार आरोपी पहले ही गिरतार, जमीन विवाद से जुड़ी बताई जा रही साजिश

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर। 82 वर्षीय अनिल सोती हत्याकांड की जांच में पुलिस अब फरार चल रहे मुख्य आरोपी वकील राजनारायण तक पहुंचने के प्रयास में जुटी है। पुलिस को आरोपी के सिक्किम में होने की जानकारी मिली है। इसके बाद उसकी गिरतारी के लिए बिजनौर पुलिस की एक टीम सिक्किम भेजी गई है। इसके अलावा अन्य राज्यों में भी आरोपी की तलाश की जा रही है। छह अगस्त को अनिल सोती की उनके घर में ही गला घोंटकर हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद पुलिस ने जांच शुरू की तो जमीन के विवाद से जुड़ी कई अहम बातें सामने आईं। बताया गया कि अनिल सोती और उनके भतीजे गौरव के बीच करीब 14 बीघा जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। पुलिस जांच के मुताबिक, गौरव ने अपने हिस्से की जमीन बेचने के लिए दिल्ली में प्रैक्टिस करने वाले वकील राजनारायण के माध्यम से प्रॉपर्टी डीलरों से एग्रीमेंट किया था। जमीन के बंटवारे से संबंधित मामला अदालत में लंबित था। इसी दौरान वकील से गौरव की नाराजगी भी सामने आई थी। जांच में पुलिस को यह भी पता चला कि जमीन की बिक्री से वकील को कमीशन मिलना था। पुलिस का दावा है कि कमीशन और जमीन से जुड़े विवाद के चलते हत्या की साजिश रची गई। मामले में पुलिस ने वकील की मुंशी निशा उर्फ अंजुम, उसकी बहन हिना, अलीमुद्दीन और सुभाष को गिरतार कर जेल भेज दिया है। पूछताछ और जांच के दौरान मुख्य आरोपी वकील राजनारायण की भूमिका सामने आने के बाद से उसकी तलाश की जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपी की लोकेशन सिक्किम में मिली है। सीओ अभय कुमार पांडेय ने बताया कि आरोपी की गिरतारी के लिए पुलिस टीम को गैर राज्यों में भेजा गया है। पुलिस की टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं।

## पचासा गांव में पिंजरे में कैद हुआ नर तेंदुआ

### – तीस दिनों में पकड़ा गया छठा तेंदुआ

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के ककरहा रेंज अंतर्गत ढोढ़ेपुरवा–पचासा बेझा क्षेत्र में वन विभाग के पिंजरे में बुधवार रात करीब 11.30 बजे 8–9 वर्ष का नर तेंदुआ कैद हो गया। उसका



वजन करीब 45–50 किलो बताया गया है। तेंदुए को सुरक्षित स्थान पर ले जाकर पशु चिकित्सक से स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। विभाग के अनुसार 30 दिनों में यह कतर्नियाघाट प्रभाग में पकड़ा गया छठा तेंदुआ है। घाघरा का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर होने के चलते वन विभाग ने संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ा दी है। ग्रामीणों से सतर्क रहने और वन्यजीव दिखने पर वन विभाग को सूचना देने की अपील की गई है।

## भारतीय जैन मिलन की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। भारतीय जैन मिलन जिला शाखा का शपथ ग्रहण समारोह लालपुरा स्थित जैन धर्मशाला में गरिमापूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। समारोह में नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने समाजसेवा, संगठन की एकता तथा जैन सिद्धांतों के अनुरूप कार्य करने की शपथ ली। समारोह में आकाशदीप जैन को अध्यक्ष, मनोज जैन निवेश गुरु को महामंत्री तथा रजत जैन को कोषाध्यक्ष पद की शपथ दिलाई गई। इनके साथ शाखा के लगभग एक दर्जन नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भी संगठन के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करने का संकल्प लिया। शपथ ग्रहण



समारोह में बाहर से पधारी भारतीय जैन मिलन की क्षेत्रीय अध्यक्ष नीता जैन, क्षेत्रीय मंत्री अरविन्द जैन, क्षेत्रीय संयोजक शिवकांत जैन एवं वैभव जैन करहल ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। अतिथियों ने नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय जैन मिलन समाज को संगठित करने, युवा पीढ़ी को संस्कारों से जोड़ने तथा सेवा और परोपकार की भावना को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। नवनियुक्त अध्यक्ष आकाशदीप जैन ने कहा कि भारतीय जैन मिलन को सक्रिय एवं मजबूत बनाते हुए समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर सेवा कार्यों, धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों को गति दी जाएगी। संगठन का उद्देश्य जैन समाज की एकता, संस्कारों और सेवा भावना को और अधिक मजबूत करना है। नवनियुक्त महामंत्री मनोज जैन ने कहा कि शाखा की गतिविधियों को व्यवस्थित रूप से संचालित करते हुए अधिक से अधिक समाजबंधुओं को संगठन से जोड़ा जाएगा। वहीं कोषाध्यक्ष रजत जैन ने संगठन के प्रति पूरी निष्ठा से दायित्व निभाने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम में जैन समाज के अध्यक्ष संजू जैन ठेकेदार, मनोज जैन कल्लू, विकास जैन, राहुल जैन, महिला जैन मिलन की अध्यक्ष चन्द्रकान्ता जैन, महामंत्री लवली जैन, कोषाध्यक्ष संगीता जैन, बंटी बनारस, रिंकू जैन सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में समाजबंधुओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए भारतीय जैन मिलन के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## अल्लामा फजले हक की कुर्बानी को भुलाया नहीं जा सकता : डॉ. फिदा हुसैन

न्यूज वाणी ब्यूरो

खैराबाद, सीतापुर। स्थानीय मदरसा अल्लामा फजले हक खैराबादी मेमोरियल कॉलेज में 1857 के अमर शहीद मर्दे मुजाहिद जलील हजरत अल्लामा फजले हक खैराबादी अलैहिर्रहमा की 165 वीं पुण्य तिथि पर मदरसा में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया इससे पूर्व बच्चों एवं शिक्षकों ने प्रभात फेरी निकाल कर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की प्रभात फेरी में बच्चे अल्लामा फजले हक अमर रहे मंगल पांडेय अमर रहे राजा हर प्रसाद अमर रहे सुभाष चंद्र बोस अमर रहे के जोशीले नारों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा सबसे पहले बच्चे अल्लामा फजले हक स्मारक पर पहुंच कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इसके पश्चात स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी राजा हर प्रसाद के स्मारक पर पुष्पांजलि करके उन्हें याद किया गया। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक एवं पूर्व अध्यक्ष उच्च शिक्षा सेवा चयन आयोग इलाहाबाद तथा शिया पीजी कॉलेज के वाणिज्य विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉक्टर फिदा हुसैन अंसारी ने अपने एक संदेश में कहा कि अल्लामा फजले हक अलैहिर्रहमा की 1857 की कुर्बानी को कभी फरामोश यानी भुलाया नही जा सकता पर अफसोस है कि आज हमारी तारीख अर्थात इतिहास में कहीं भी आपका नाम तक नही दर्ज है। आपको जहां काले पानी की सजा दी गई जब वहां मै गया तो देखा कि बहुत कष्ट दाई जगह थी जहां पर अल्लामा फजले हक को रखा गया था वहीं पर आपकी मजार भी बनी हुई है। इस संस्था की स्थापना करके काजिम हुसैन ने उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि देने का काम किया है। संस्था के संस्थापक काजिम हुसैन ने अपने एक संदेश में कहा कि मालूम हो कि 1857 में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद अल्लामा फजले हक खैराबादी ने अंग्रेजों के खिलाफ जेहाद का फतवा दिया कि अंग्रेजों हिन्दुस्तान छोडो इसके बाद मुस्लिम समुदाय के लोग घरों से बाहर निकल करअंग्रेजों से युद्ध करने मैदान में आ गए जिसमे सैकड़ों की तादाद में उलमाए किराम मौलानाओं को कत्ल कर दिया गया और आपको गिरतार करके मुकदमा चलाया गया 1859 में आपको काले पानी की सजा देते हुए अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के कैद खाने में काले पानी की सजा बोलते हुए कैदखाने में डाल दिया गया जेल यानी बैरक की हालत ये थी कि न सीधे खड़े हो सकते न लेट सकते थे इतनी सख्त सजा दी गई तत्पश्चात 20 अगस्त 1861 को आप की मृत्यु उसी कैदखाने में हो गई थी। संस्था अध्यक्ष नजमुल हसन शोएब मियां तथा सहयोगी कारी इस्लाम अहमद आरफी ने संबोधित करते हुए कहा कि अल्लामा फजले हक अलैहिर्रहमा की कुर्बानी को





कभी भुलाया न जा सकेगा लेकिन अफसोस यह है कि जो स्थान उन्हें मिलना चाहिए था वो दिया नहीं गया उन्होंने सरकार से मांग करते हुए अपील किया कि अल्लामा फजले हक खैराबादी और राजा हरि प्रसाद के नाम से कस्बे की सीमा में प्रवेश करने के स्थान पर एक गेट बनाया जाए और अल्लामा के नाम से सामुदायिक केंद्र खैराबाद का नाम रखा जाए और एक डिग्री कॉलेज भी खोला जाए। इसके बाद बच्चे कॉलेज वापस मदरसे पहुंचे जहां पर एक सभा हुई तथा इसाले सवाब भी किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम का सफल संचालन प्रिंसीपल एहतिशाम आलम ने किया जबकि मदरसे के शिक्षको में सिराज अहमद, हाफिज मुशीर अहमद, कामरान खान, उमैर आजाद, महिमा रानी, आलिया, महाविश शाहाब, कौसर जहां, निकहत जहां, अकील अहमद मुन्ना तथा अन्य ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया। पुलिस प्रशासन का भी पूरा सहयोग रहा जिसके लिए पुलिस प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## राजीव गांधी की जयंती पर सद्भावना दिवस मनाया

### – वृक्षारोपण कर लिया सेवा संकल्प

न्यूज वाणी ब्यूरो


बहराइच, विशेश्वरगंज। पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न राजीव गांधी की 82वीं जयंती पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में ग्राम पंचायत गुजरा में सद्भावना दिवस मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर सामूहिक सलामी दी और वृक्षारोपण किया। 20 से 26 अगस्त तक सेवा संकल्प सप्ताह मनाने की घोषणा की गई। जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष विनय सिंह ने राजीव गांधी के तकनीकी क्रांति, पंचायती राज और युवाओं से जुड़े योगदान को याद किया। कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष एम. शफीक समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## हत्या के दो आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

### - अंशुल के दोनों पैरों में लगी गोली, दो तमंचे व कारतूस बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जसवंतनगर थाना क्षेत्र में हुई युवक राहुल की हत्या के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। एसओजी, सर्विलांस एवं थाना जसवंतनगर पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए हत्या के दो आरोपियों को पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरतार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान मुख्य आरोपी अंशुल यादव के दोनों पैरों में गोली लगी, जबकि उसके साथी सुखवीर को भी पुलिस ने गिरतार कर लिया। पुलिस के अनुसार ग्राम पीपरीपुरा निवासी श्याम वीर सिंह ने थाना जसवंतनगर में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि अंशुल, सुखवीर एवं उनके अन्य साथियों ने एकराय होकर उन्हें जान से मारने की नीयत से फायरिंग की। फायरिंग की आवाज सुनकर उनका भतीजा राहुल मौके पर पहुंचा, जिसके बाद आरोपियों ने योजनाबद्ध तरीके से राहुल की गोली मारकर हत्या कर दी। मामले में थाना जसवंतनगर में मुकदमा अपराध संख्या 237/2026 के तहत बीएनएस की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर अपराधियों की गिरतारी के लिए पुलिस टीमें सक्रिय थीं। 20 अगस्त को एसओजी, सर्विलांस एवं थाना जसवंतनगर पुलिस की संयुक्त टीम धनुवा रोड, खुशालपुरा और खेड़ा बुजुर्ग के मध्य संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान दो संदिग्ध व्यक्तियों को पुलिस टीम ने रोकने का प्रयास किया। पुलिस का दावा है कि संदिग्धों ने जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस टीम ने आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई की, जिसमें आरोपी अंशुल यादव के दोनों पैरों में गोली लगी। घायल अवस्था में उसे गिरतार कर लिया गया, जबकि उसके साथी सुखवीर को भी मौके से पकड़ लिया गया। घायल आरोपी को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। गिरतार आरोपियों की पहचान अंशुल यादव पुत्र बलराम सिंह, निवासी ग्राम पीपरीपुरा, थाना जसवंतनगर, उम्र करीब 25 वर्ष और सुखवीर पुत्र अकबर सिंह, निवासी ग्राम पीपरीपुरा, थाना जसवंतनगर, उम्र करीब 42 वर्ष के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो अवैध तमंचे 315 बोर, चार जिंदा कारतूस 315 बोर, दो खोखा कारतूस 315 बोर और 2,120 रुपये नकद बरामद किए हैं। गिरतारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना जसवंतनगर में मुकदमा अपराध संख्या 239/2026 धारा 109(1) बीएनएस तथा धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं राहुल की हत्या के मामले में मुकदमा अपराध संख्या 237/2026 धारा 103(1), 190, 191(2), 191(3), 109(1) बीएनएस के तहत कार्रवाई जारी है। यह कार्रवाई अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण, अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी जसवंतनगर आयुषी सिंह के नेतृत्व में की गई। पुलिस टीम में एसओजी/सर्विलांस टीम के अलावा थाना जसवंतनगर के थानाध्यक्ष कमल भाटी, उपनिरीक्षक ललित किशोर चतुर्वेदी, उपनिरीक्षक हेमंत कुमार सहित आरक्षी आर्य चिकारा, सनोज कुमार, अवनीश कुमार, संजय कुमार, सुशील कुमार एवं आलोक कुमार वर्मा शामिल रहे।





## तालाब में डूबे सात वर्षीय मासूम का शव बरामद

### – प्रशासन की तत्परता से चला रेस्क्यू अभियान

न्यूज वाणी ब्यूरो

पयागपुर, बहराइच। ग्राम पंचायत शिवदहा के करघईया पूरवा में घर के पास खेलते समय 7 वर्षीय गुड्डू पुत्र फरियाद अली गहरे तालाब में डूब गया। सूचना पर तहसीलदार पयागपुर अम्बिका चौधरी पुलिस व प्रशासनिक टीम के साथ मौके पर पहुंचीं और गोताखोरों को तलाश के निर्देश दिए। काफी प्रयास के बाद बालक का शव बरामद कर लिया गया। घटना से गांव में शोक की लहर है। ग्रामीणों ने खुले तालाबों व जलभराव वाले स्थानों पर सुरक्षा इंतजाम की मांग की।

# गुलदार के हमले में मासूम की मौत, गन्ने के खेत में मिला शव

न्यूज वाणी ब्यूरो

नजीबाबाद, बिजनौर। ग्राम पंचायत कुशालपुर मडका में गुलदार के हमले में छह वर्षीय मासूम की मौत से गांव में दहशत फैल गई। बुधवार शाम लापता हुआ बालक भूदेव कश्यप पुत्र नक्श कश्यप उर्फ कल्लू का शव गुरुवार सुबह गांव से करीब 150 मीटर दूर गन्ने के खेत में मिला। शव मिलने की सूचना से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया बताया गया कि भूदेव बुधवार शाम अचानक लापता हो गया था। परिजनों और ग्रामीणों ने रातभर आसपास के क्षेत्र में उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। गुरुवार सुबह गन्ने के खेत में शव मिलने के बाद ग्रामीणों ने गुलदार के हमले की आशंका जताई घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन और वन विभाग की टीम सक्रिय हो गई। आसपास के खेतों में ड्रोन कैमरे से गुलदार की तलाश शुरू कराई गई है। साथ ही उसे पकड़ने के लिए पिंजरा भी लगाया गया है और क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी गई है। घटना की जानकारी मिलने पर भारतीय किसान यूनियन प्रधान व्यापार प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रामोद कुमार भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की और प्रशासन से गुलदार को जल्द पकड़ने तथा परिवार को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने की मांग की। ग्रामीणों ने गांव में पर्याप्त रोशनी, सफाई व्यवस्था और संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि गन्ने के खेतों के आसपास झाड़ियां और अंधेरा होने से जंगली जानवरों की गतिविधियों पर नजर रखना मुश्किल हो जाता है। उप जिलाधिकारी की ओर से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने तथा पट्टा दिलाने का आश्वासन दिया गया है। हालांकि मासूम की मौत के बाद ग्रामीणों में गुलदार को लेकर भय बना हुआ है। ग्रामीणों ने मांग की है कि गुलदार को पकड़ने के लिए अभियान तेज करने के साथ गांव और आसपास के इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जाए। मासूम की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। वहीं पूरे गांव में मातम और दहशत का माहौल है। ग्रामीण अब वन विभाग की कार्रवाई और गुलदार के पकड़े जाने का इंतजार कर रहे हैं।



# राजीव गांधी की जयंती पर कांग्रेसियों ने मनाया सद्भावना दिवस

## - देशसेवा व तकनीकी क्रांति को किया याद

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। कांग्रेस कार्यालय ज्वालागंज में गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती सद्भावना दिवस के रूप में मनाई गई। जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी व शहर अध्यक्ष मो. आरिफ गुड्डा के सह नेतृत्व में आयोजित गोष्ठी में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके जीवन, व्यक्तित्व और देश के विकास में योगदान को याद किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव बीरेंद्र राठौर ने स्वर्गीय राजीव गांधी को सच्चा देशभक्त और इंसानियत की मिसाल बताया। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ने आधुनिक भारत की मजबूत नींव रखने का काम किया और देश को तकनीकी रूप से आगे ले जाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की। जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी ने कहा कि राजीव गांधी ने भारत को तकनीकी क्षेत्र में विश्व के अग्रणी देशों की कतार में खड़ा करने का सपना देखा था। उनके सपनों को राहुल गांधी निश्चित रूप से पूरा करेंगे और कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता उनके साथ मजबूती से खड़ा है। शहर अध्यक्ष मो. आरिफ गुड्डा ने कहा कि राजीव गांधी सच्ची, ईमानदार और जनहित की राजनीति के पक्षधर थे। कांग्रेस पार्टी आज भी उनके विचारों और सिद्धांतों का अनुसरण कर रही है। उन्होंने दावा किया कि आने वाले समय में कांग्रेस देश को फिर विश्व पटल पर मजबूत स्थान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। गोष्ठी में पर्यवेक्षक राहुल राय, वरिष्ठ नेता शेख एजाज अहमद, माधुरी रावत, पप्पू पाल, कलीम उल्ला सिद्दीकी, इंजी. देवी प्रकाश दुबे, अरुण जायसवाल, बृजेश मिश्रा, राम नरेश महराज, राजेंद्र लोधी, इंद्रजीत लोधी, आरिफ खान, राजू सिंह, नरेश निर्मल, मो. इजहार, सैयद षहाब अली, ओम प्रकाश कोरी, चौधरी मोईन राईन, अजय बच्चा, कौशल कुमार शुक्ला, मोहित मिश्रा समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।



# महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सड़कों पर उतरी पुलिस

## - मिशन शक्ति टीम ने जगाया जागरूकता का अलख

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को लेकर पुलिस ने गुरुवार को जिलेभर में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में मिशन शक्ति 5.0 (फेज–2) के तहत सभी थानों की मिशन शक्ति एवं एंटी रोमियो टीमों ने बाजारों, सार्वजनिक स्थलों और गांवों में पहुंचकर महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद किया। पुलिस टीमों ने उन्हें उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और मुसीबत के समय तत्काल पुलिस सहायता लेने के लिए जागरूक किया।

अभियान के दौरान महिला पुलिस कर्मियों ने महिलाओं और बालिकाओं को महिला अपराधों की रोकथाम, आत्मरक्षा तथा किसी भी तरह की छेड़छाड़, उत्पीड़न अथवा हिंसा की स्थिति में तत्काल शिकायत करने के संबंध में जानकारी दी। पुलिस टीमों ने ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम चौपाल लगाकर लोगों से संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं। साथ ही समस्याओं के त्वरित एवं विधिपूर्ण निस्तारण का भरोसा दिलाया। जागरूकता कार्यक्रमों में पुलिस ने महिलाओं एवं आमजन को आपात स्थिति में इस्तेमाल किए जाने वाले महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। उन्हें महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, चिकित्सा सहायता 108 और बाल सहायता हेल्पलाइन 1098 के बारे में बताया गया। मिशन शक्ति और एंटी रोमियो टीमों ने बाजारों एवं सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा भी लिया। टीमों ने उन्हें किसी भी परेशानी की स्थिति में बिना झिझक पुलिस से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया।

# राज्यमंत्री ने केक काटकर मनाया 75 नवजात बेटियों का जन्मोत्सव

## - बेटियों को बेबी किट, माताओं को मिला एक पेड़ बेटी के नाम
## - मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना से छह बच्चों को मिले लैपटॉप

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बेटियों के जन्म को उत्सव बनाने और समाज में उनके सम्मान, सुरक्षा व शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से महिला कल्याण विभाग के तत्वावधान में गुरुवार को विकास भवन सभागार में बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ योजना के तहत कन्या जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार की राज्यमंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग .ष्णा पासवान ने केक काटकर नवजात बेटियों का जन्मदिन मनाया और माताओं–बेटियों को अपने हाथों से केक खिलाकर उन्हें दुलारा।



कार्यक्रम में जिले की 75 नवजात बच्चियों को बेबी किट वितरित की गई। इसके साथ ही प्रत्येक नवजात कन्या के जन्म पर एक पेड़ बेटी के नाम पहल की शुरुआत करते हुए बच्चियों की माताओं को पौधे प्रदान किए गए। इस दौरान मंत्री ने नवजात बेटियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि बेटी अनमोल है और वही भविष्य की डोर है। कन्या जन्म का उत्सव मनाकर ही समान, सुरक्षित और समृद्ध समाज का निर्माण किया जा सकता है। राज्यमंत्री .ष्णा पासवान ने कहा कि बेटियों के सम्मान, सुरक्षा, शिक्षा और बेहतर भविष्य के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार लगातार योजनाएं संचालित कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2014 से और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वर्ष 2017 से बेटियों के हित में अनेक योजनाएं लागू की गई हैं। सरकार बेटी के जन्म से लेकर उसकी शिक्षा और विवाह तक विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सहायता उपलब्ध करा रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना का जिक्र करते हुए कहा कि इसके माध्यम से बेटियों की शिक्षा और विकास के लिए आर्थिक सहायता दी जा रही है। गर्भवती महिलाओं और नवजात बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण पर भी सरकार विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार बिना भेदभाव पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। मंत्री ने माताओं से अपील की कि यदि किसी बच्चे का वजन कम है या वह कमजोर है तो इसे नजरंदाज न करें। नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्र पर बच्चे का वजन कराएं तथा गर्भवती महिलाओं और बच्चों की नियमित स्वास्थ्य जांच एवं समय से टीकाकरण अवश्य कराएं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना कोविड–19 के अंतर्गत छह बच्चों को लैपटॉप भी वितरित किए गए। जिला विकास अधिकारी एवं मुख्य चिकित्साधिकारी ने कन्या जन्मोत्सव पर सभी माताओं और अभिभावकों को बधाई देते हुए विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी, सीएमएस, संबंधित विभागों के अधिकारी–कर्मचारी तथा नवजात बच्चियों के अभिभावक मौजूद रहे।

# डीएम ने ट्रैक्टर पर सवार होकर लिया बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का जायजा

न्यूज वाणी ब्यूरो

नगीना, बिजनौर। जिले में बाढ़ की स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी जसजीत कौर ने गुरुवार को नगीना और बढ़ापुर क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित इलाकों का मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। जलभराव और बाढ़ की स्थिति का जायजा लेने के लिए डीएम ट्रैक्टर पर सवार होकर प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचीं। निरीक्षण के दौरान नगीना सीओ राजेश सोलंकी ट्रैक्टर की कमान संभालते नजर आए। डीएम ने प्रभावित गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों से बातचीत की और उनकी समस्याओं तथा राहत व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने बाढ़ पीड़ितों को हरसंभव मदद और सुरक्षा का भरोसा दिलाया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखी जाए और जरूरतमंद लोगों तक राहत सामग्री एवं आवश्यक सहायता समय से पहुंचाई जाए। इस दौरान प्रशासन और पुलिस विभाग के कई अधिकारी मौजूद रहे।



# डीएम ने पढ़ाई के साथ सुविधाओं की भी परखी हकीकत

## - छात्राओं से संवाद कर बढ़ाया हौसला, भोजन से लेकर शौचालय तक जांची गुणवत्ता

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने गुरुवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज मलवां और पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय सरकंडी का औचक निरीक्षण कर शैक्षणिक गुणवत्ता के साथ विद्यालयों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की हकीकत परखी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्र–छात्राओं से सीधे संवाद कर उनकी पढ़ाई, रुचि और भविष्य की योजनाओं की जानकारी ली तथा उन्हें लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज मलवां में जिलाधिकारी ने छात्राओं से बातचीत कर विद्यालय में मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने प्रधानाचार्य को निर्देश दिए कि शौचालयों की नियमित साफ–सफाई सुनिश्चित कराई जाए और छात्राओं को मेन्यू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने सभी विषयों की नियमित टेस्ट परीक्षा कराने पर भी जोर दिया, ताकि छात्राओं की शैक्षणिक प्रगति का लगातार आकलन हो सके और उनका मनोबल बढ़े। डीएम ने विद्यालय के रसोईघर का निरीक्षण करने के साथ परिसर में निर्मित नए भवन का भी जायजा लिया। नए भवनों में सीलन मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि कार्यदायी संस्था से पत्राचार कर भवनों में सीलन आने के कारणों की लिखित जानकारी प्राप्त की जाए। उन्होंने विद्यालय में पेयजल, स्वच्छता सहित अन्य व्यवस्थाओं को भी देखा और आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। इसके बाद जिलाधिकारी ने पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय सरकंडी का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कक्षाओं में पहुंचकर छात्र–छात्राओं से संवाद किया और उनसे भविष्य की योजनाओं के बारे में पूछा। जिलाधिकारी ने विद्यार्थियों को अपनी



रुचि और क्षमता के अनुसार करियर का चयन करने तथा लक्ष्य बनाकर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य ने जिलाधिकारी को विद्यालय की विभिन्न उपलब्धियों एवं शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी दी। जिलाधिकारी ने विद्यालय की लाइब्रेरी, कंप्यूटर कक्ष और रसोईघर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालयों में विद्यार्थियों को बेहतर व शैक्षणिक वातावरण और जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। निरीक्षण के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी एवं विद्यालय के शिक्षक मौजूद रहे।

# रक्षाबंधन से पहले गोदाम में छापा, पांच सौ किलो मिठाई सीज

## - सौ किलो दूषित मिठाई नष्ट, 48 लीटर क्रीम एनालॉग भी कराई नष्ट

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। रक्षाबंधन पर्व से पहले खाद्य विभाग ने मिलावटी और दूषित मिठाइयों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए राधानगर–बिंदकी रोड स्थित एक मिठाई के गोदाम पर छापा मारा। यहां जनपद के बाहर से लाई गई मिठाइयों को ग्रामीण क्षेत्रों की दुकानों पर सप्लाई करने की तैयारी चल रही थी। कार्रवाई के दौरान टीम ने बर्फी, रसगुल्ला और गुलाब जामुन के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे, जबकि करीब 500 किलोग्राम रसगुल्ला व गुलाब जामुन सीज कर दिए गए। वहीं करीब 100 किलोग्राम दूषित मिठाइयों को मौके पर ही नष्ट करा दिया गया। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स के निर्देश पर सहायक आयुक्त (खाद्य)–द्वितीय वीरेन्द्र सिंह कुशवाहा के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने अभिसूचना के आधार पर विनोद कुमार गुप्ता द्वारा संचालित मिठाई के गोदाम पर छापेमारी की। गोदाम में भारी मात्रा में बाहर से मंगाई गई मिठाइयां भंडारित मिलीं। इन मिठाइयों को रक्षाबंधन से पहले ग्रामीण बाजारों में पहुंचाने की तैयारी थी। जांच के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने बर्फी, रसगुल्ला और गुलाब जामुन के नमूने लिए। इसके साथ ही करीब 500 किलो रसगुल्ला और गुलाब जामुन को सीज कर दिया गया। करीब 100 किलो दूषित मिठाई मिलने पर उसे नष्ट कराया गया। विभाग की कार्रवाई से मिठाई कारोबारियों में हड़कंप मच गया। गोदाम की जांच के दौरान क्रीम एनालॉग के 48 पैकेट, कुल करीब 48 लीटर भी बरामद हुए। खाद्य विभाग के मुताबिक यह मिल्क प्रोडक्ट्स और रिफाइंड पामोलीन ऑयल से निर्मित था। इसके विक्रय एवं भंडारण पर रोक होने के कारण टीम ने इसे भी नष्ट करा दिया। अधिकारियों ने बताया कि त्योहार के दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। कार्रवाई करने वाली टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनुराधा कुशवाह, धीरज कुमार दीक्षित, दिनेश चन्द्र एवं देवेश मिश्रा शामिल रहे।


## आवश्यक सूचना

रेल प्रशासन द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झाँसी मंडल के बीना–वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी खंड में आगासोद–बीना के मध्य तीसरी लाइन के निर्माण के संबंध में आगासोद स्टेशन पर यार्ड रीमॉडलिंग कार्य के कारण निम्नलिखित रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन, रिशेड्यूलिंग एवं रेग्युलेशन किए जाने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत है:–

### रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन

| गाड़ी सं. | स्टेशन से-स्टेशन तक | वर्तमान मार्ग | परिवर्तित मार्ग | प्रारंभिक स्टेशन से प्रभावी तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 12943 | वलसाड-कानपुर सेंट्रल | इटारसी-भोपाल-बीना-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-कानपुर सेंट्रल | इटारसी-जबलपुर-मानिकपुर-प्रयागराज-कानपुर सेंट्रल | 14.10.2026 |
| 22589 | बनारस-हडपसर | बनारस-प्रयागराज-गोविन्दपुरी-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-बीना-इटारसी | बनारस-ब्लॉक हट के-प्रयागराज छिवकी-मानिकपुर-जबलपुर-इटारसी | 02.10.2026 से 14.10.2026 |
| 20104 | गोरखपुर-लोकमान्य तिलक (ट.) | कानपुर सेंट्रल-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-बीना-भोपाल-इटारसी | कानपुर सेंट्रल-हमीरपुर रोड-ओहन केबिन-जबलपुर-इटारसी | 14.10.2026 |
| 01026 | बलिया-दादर | मानिकपुर-खजुराहो-बीना-इटारसी | मानिकपुर-सतना-जबलपुर-इटारसी | 14.10.2026 |
| 12174 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़-लोकमान्य तिलक (ट.) | कानपुर सेंट्रल-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-बीना-भोपाल-इटारसी | कानपुर सेंट्रल-हमीरपुर रोड-ओहन केबिन-जबलपुर-इटारसी | 15.10.2026 |
| 11408 | लखनऊ-पुणे | कानपुर सेंट्रल-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-बीना-भोपाल-इटारसी | कानपुर सेंट्रल-हमीरपुर रोड-ओहन केबिन-जबलपुर-इटारसी | 15.10.2026 |
| 12107 | लोकमान्य तिलक (ट.)-सीतापुर | इटारसी-भोपाल-बीना-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-कानपुर सेंट्रल | इटारसी-जबलपुर-ओहन केबिन-हमीरपुर रोड-कानपुर सेंट्रल | 14.10.2026 |

### रेलगाड़ियों की रिशेड्यूलिंग

| गाड़ी सं. | स्टेशन से - स्टेशन तक | रिशेड्यूलिंग समय | प्रारंभिक स्टेशन से रिशेड्यूलिंग | प्रारंभिक स्टेशन से प्रभावी तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 12174 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़-लोकमान्य तिलक (ट.) | 120 मिनट | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ से | 13.10.2026 |
| 22583 | छपरा-लोकमान्य तिलक (ट.) | 120 मिनट | छपरा से | 13.10.2026 |
| 19484 | सहरसा-अहमदाबाद | 120 मिनट | सहरसा से | 14.10.2026 |

### रेलगाड़ियों का रेग्युलेशन

| गाड़ी सं. | स्टेशन से - स्टेशन तक | रेग्युलेशन समय | रेग्युलेशन ओवर | प्रारंभिक स्टेशन से प्रभावी तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 12144 | सुलतानपुर-लोकमान्य तिलक (ट.) | 60 मिनट | झाँसी मण्डल | 13.10.2026 |
| 11408 | लखनऊ-पुणे | 60 मिनट | झाँसी मण्डल | 13.10.2026 |
| 12511 | गोरखपुर-तिरुवनन्तपुरम | 60 मिनट | झाँसी मण्डल | 15.10.2026 |

नोटः- ट्रेनों से सम्बंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 1898/26 (A)



## उत्तर मध्य रेलवे

No. CV/CS/CP/Misc./2026 ई-नीलामी के लिए सूचना दिनांकः- 18.08.2026

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज रेलवे बोर्ड के पत्र दिनांक 13.06.2022 के अंतर्गत प्रयागराज मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर पार्किंग देने के अनुबंध के लिए आईआरईपीएस के ई-नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से बोलियां आमंत्रित करता है।

पार्किंग

| क्र. सं. | पार्किंग का विवरण | अवधि | ई-आक्सन कैटलाग संख्या | ई-आक्सन प्रारंभ तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कानपुर अनवरगंज रेलवे स्टेशन पर पार्किंग स्टैंड | 01 वर्ष | PRYJ-MX PARKG-26 | 01.09.2026 को 12:30 बजे |
| 2. | रूरा रेलवे स्टेशन पर पार्किंग स्टैंड | 03 वर्ष | PRYJ-MX PARKG-26 | 01.09.2026 को 12:40 बजे |
| 3. | खुर्जा रेलवे स्टेशन पर पार्किंग स्टैंड | 03 वर्ष | PRYJ-MX PARKG-26 | 01.09.2026 को 12:50 बजे |
| 4. | फफूंद रेलवे स्टेशन पर पार्किंग स्टैंड | 03 वर्ष | PRYJ-MX PARKG-26 | 01.09.2026 को 13:00 बजे |
| 5. | पनकीधाम रेलवे स्टेशन पर पार्किंग स्टैंड | 03 वर्ष | PNKD-MX PARKG-26 | 02.09.2026 को 12:00 बजे |

इच्छुक बोलीदाता अधिक जानकारी के लिए, ई-नीलामी में भाग लेने के लिए आधिकारिक वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जा सकते हैं। 1. बोलीदाताओं, जो ई-नीलामी मॉड्यूल में भाग लेना चाहते हैं, के पास वैध डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र (डीएससी) होना चाहिए और इसे भारत सरकार के प्रमाणन प्राधिकरण (सीसीए) के नियंत्रक के किसी भी प्रमाणित प्राधिकारी से प्राप्त किया जा सकता है, इसका विवरण www.cca.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है। 2. बोलीदाताओं को आईआरईपीएस (वाणिज्यिक नीलामी मॉड्यूल) में खुद को ऑनलाइन पंजीकृत कराना होगा। 3. एकमुश्त पंजीकरण शुल्क रु. 10000.00/- और लागू जीएसटी (गैर-वापसी योग्य) को किसी भी व्यावसायिक नीलामी में भाग लेने से पहले ऑनलाइन भुगतान करना होगा। 4. इस ई-नीलामी के संबंध में अधिक जानकारी, आवश्यकता और विभिन्न पहलुओं के लिए, इच्छुक बोलीदाताओं को http://www.ireps.gov.in/epsn/jsp/common/learningCenter.jsp पर जाने की सलाह दी जाती है। 5. अर्निंग मनी डिपॉजिट (ईएमडी)ः नीलामी के दौरान ऑनलाइन जमा की जाने वाली कुल संविदात्मक बोली मूल्य का 10%, सफल बोलीदाता की ईएमडी सुरक्षा जमा के रूप में रखी जाएगी। 6. रेल प्रशासन इन गाडियों के जारी रहने बंद होने या नई गाड़ी सेवाओं के शुरू होने के आधार पर किसी भी समय (या कोई निर्णय लेने के लिए) इन अनुबंधों को समाप्त करने का पूर्ण और पूर्ण अधिकार सुरक्षित रखता है। 7. सफल बोली लगाने वाले को समय-समय पर भारत सरकार द्वारा प्रभावी जीएसटी का भुगतान करना होगा। रेल प्रसाशन इसके लिए उत्तरदाई नहीं होगा। 1903/26 (D)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR



राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक न्यूज वाणी में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें

11 वर्षों से आपकी सेवा में तत्पर | फतेहपुर की मशहूर व पुरानी दुकान

जाफ़री चश्में वाले

थोक व फुटकर चश्में

39, नवीन मार्केट, पुराना R.T.O. आफिस करुणा जीवन ज्योति नर्सिंग होम के सामने (निकट पत्थर कटा चौराहा), फतेहपुर (उ.प्र.)

कानपुर के मशहूर डॉक्टर द्वारा आपरेशन की सुविधा।

नोट- डाक्टर का पर्चा लाने पर मात्र आधे घण्टे में चश्मा व 10 प्रतिशत की छूट सहित प्राप्त करें।

कान की मशीन मात्र 450/– में कान्टेक्ट लैंस मात्र 350/– में

सम्पर्क सूत्र : 05180-228339, 9451548620

प्रो. नफीस अहमद जाफ़री संपादक–राष्ट्रीय हिंदी दैनिक न्यूज वाणी



न्यूज़ वाणी

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

राज्य सरकार व केंद्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु सूचीबद्ध

समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें

सूचना, मार्कशीट, सम्बन्ध विच्छेदन, खोया पाया, कोर्ट नोटिस, टेन्डर आदि

09451548620, 9451180488

# काउंसलिंग ने बचाया परिवार, दंपती फिर हुए एक

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। आपसी मनमुटाव और वैचारिक मतभेद के चलते पारिवारिक विवाद से जूझ रहे एक दंपती के रिश्ते में परिवार परामर्श केंद्र की काउंसलिंग ने नई उम्मीद जगा दी। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के कुशल निर्देशन में पुलिस लाइन स्थित परिवार परामर्श केंद्र में हुई काउंसलिंग के बाद दंपती ने पुराने गिले–शिकवे भुलाकर एक साथ रहने की सहमति जताई।



परिवार परामर्श केंद्र में गुरुवार को पारिवारिक विवाद से जुड़े मामलों की काउंसलिंग के दौरान काउंसलर मंजू शुक्ला और मो. जावेद ने दंपती की समस्याओं को गंभीरता से सुना। दोनों पक्षों के बीच बातचीत कर आपसी मतभेदों को दूर करने और परिवार को बचाने का प्रयास किया गया। काउंसलिंग के बाद पति–पत्नी एक–दूसरे की बात समझने और भविष्य में आपसी सामंजस्य बनाए रखने पर राजी हो गए। दंपती ने वैचारिक मतभेद और आपसी मनमुटाव को भुलाकर साथ रहने का निर्णय लिया। इस दौरान सहयोगार्थ महिला आरक्षी प्रियंका सिंह मौजूद रहीं। परिवार परामर्श केंद्र की पहल से एक बार फिर बिखरते परिवार को जोड़ने में सफलता मिली।

# रेलवे स्टेशन से रवाना हुई बजरंगियों की स्वाभिमानी यात्रा

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। रेलवे स्टेशन पर गुरुवार को चौरी चौरा एक्सप्रेस से बूढ़ा अमरनाथ चट्टानी की यात्रा के लिए बजरंगियों की स्वाभिमानी यात्रा रवाना हुई। यात्रा पर प्रस्थान करने वाले विश्व हिंदू परिषद, दुर्गा वाहिनी, मातृशक्ति और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को स्थानीय पदाधिकारियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं



देकर विदा किया। कार्यकर्ताओं ने यात्रियों को राम नाम अंकित अंगवस्त्र पहनाकर उनका सम्मान किया। स्टेशन परिसर में यात्रा को लेकर उत्साह का माहौल रहा। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं समर्थक यात्रियों को विदाई देने के लिए रेलवे स्टेशन पहुंचे। कार्यक्रम में समर सत्ता .ष्ण स्वरूप विश्वकर्मा, विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष अजय गुप्ता, नगर संयोजिका एवं भाजपा से जुड़ीं सुमन सिंह एडवोकेट, नगर पंचायत अध्यक्ष गीता सिंह व प्रतिनिधि रामगोपाल सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। भाजपा के पदाधिकारी अवधेश मिश्रा, विमलेश पांडे समेत अन्य कार्यकर्ताओं ने भी यात्रियों का उत्साहवर्धन किया। यात्रा में शामिल लोगों ने धार्मिक एवं सामाजिक एकजुटता का संदेश देते हुए बूढ़ा अमरनाथ चट्टानी की यात्रा के लिए प्रस्थान किया। यात्रियों के रवाना होने के दौरान स्टेशन पर मौजूद लोगों ने जय श्रीराम के उद्घोष के साथ उन्हें मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों की मौजूदगी रही। आयोजकों ने कहा कि यात्रा का उद्देश्य श्रद्धालुओं को धार्मिक एवं सांस्.तिक स्थलों से जोड़ना तथा समाज में एकता और भाईचारे की भावना को मजबूत करना है।

# गौड़ कॉलोनी की ध्वस्त सड़क व नाली के निर्माण की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। आईटीआई रोड स्थित गौड़ कॉलोनी में करीब सौ मीटर सड़क और नाली पूरी तरह जर्जर एवं ध्वस्त होने से स्थानीय लोगों को आवागमन और जलनिकासी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। उद्योग व्यापार मंडल के संस्थापक अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा एवं स्थानीय निवासियों ने नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर सड़क व नाली का



शीघ्र निर्माण कराए जाने की मांग की है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि गौड़ कॉलोनी के आसपास की अधिकांश गलियों में सड़क एवं नालियों का निर्माण कुछ माह पूर्व कराया जा चुका है, लेकिन मात्र करीब सौ मीटर की इस गली को निर्माण कार्य से छोड़ दिया गया। वर्तमान में सड़क की स्थिति बेहद खराब है और नालियां भी क्षतिग्रस्त होने के कारण जलनिकासी प्रभावित हो रही है। निवासियों ने बताया कि खराब सड़क के कारण लोगों को आने–जाने में परेशानी होती है, जबकि नाली ध्वस्त होने से गंदे पानी की निकासी की समस्या बनी रहती है। उन्होंने नगर पालिका प्रशासन से जनहित में छोड़ी गई गली की सड़क एवं नालियों का शीघ्र नवनिर्माण कराए जाने की मांग की है।

# बिंदकी तहसील में डीएम का छापा, पांच साल पुराने वादों पर कसा शिकंजा

**- एसडीएम-तहसीलदार कोर्ट से लेकर हर पटल की खुली फाइलें**

**- बिना अनुमति पटल बदलने पर रोक, दैवीय आपदा की रिपोर्ट 24 घंटे में तलब**

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बिंदकी तहसील कार्यालय में गुरुवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स अचानक निरीक्षण के लिए पहुंच गईं। डीएम ने एसडीएम कोर्ट, तहसीलदार कोर्ट, नायब तहसीलदार कोर्ट समेत विभिन्न पटलों का बारीकी से निरीक्षण कर लंबित मामलों और अभिलेखों की स्थिति परखी। उन्होंने अधिकारियों को दो टूक निर्देश दिए कि पांच साल पुराने वादों को प्राथमिकता के आधार पर गुण–दोष के आधार पर निस्तारित किया जाए और मामलों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए। औचक निरीक्षण के दौरान डीएम ने नायब तहसीलदारों के क्षेत्र से संबंधित रजिस्टरों की जांच की। उन्होंने सभी नायब तहसीलदारों को निर्देश दिए कि संबंधित रजिस्टरों को नियमित रूप से स्वयं चेक करें। इसके बाद उन्होंने जनगणना, संग्रह अनुभाग, मिसिलबंद रजिस्टर और स्थापना अनुभाग का भी निरीक्षण किया। लेखपालों की सर्विसबुक अद्यतन कराने के लिए संबंधित पटल सहायक को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने एसडीएम बिन्दकी को तहसील के सभी पटलों का नियमित निरीक्षण कराने के साथ ही सभी पेशकारों की ट्रेनिंग कराने के निर्देश दिए। उन्होंने साफ कहा कि बिना उनकी अनुमति के तहसील स्तर पर किसी भी पटल का परिवर्तन नहीं किया जाएगा। दैवीय आपदा से संबंधित मामलों को लेकर डीएम ने विशेष गंभीरता दिखाई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दैवीय आपदा से संबंधित रिपोर्ट 24 घंटे के भीतर प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराई जाए, ताकि प्रभावित लोगों को समय से राहत एवं सहायता दिलाई जा सके। तहसीलदार कोर्ट के निरीक्षण के दौरान डीएम ने विभिन्न वादों की फाइलों को देखा। उन्होंने धारा–67 के पुराने वादों का तत्काल निस्तारण कराने के निर्देश दिए। साथ ही अन्य



लंबित वादों को भी नियमानुसार समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने को कहा। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कलेक्ट्रेट कार्यालय से तहसील को प्राप्त होने वाले सभी प्रार्थनापत्रों का एक सप्ताह के भीतर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं के निस्तारण में किसी भी स्तर पर अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने राजस्व अभिलेखों और कार्यालयीन व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप राजस्व मामलों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम बिन्दकी, तहसीलदार बिन्दकी समेत संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# अब बच्चे तस्वीर में देखेंगे अपने सपनों का भविष्य

**- जिले में पिक्चर योर यूचर अभियान शुरू**

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिले के विद्यार्थियों को उनके सपनों और भविष्य के करियर से जोड़ने के लिए एक अभिनव पहल शुरू की जा रही है। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स के मार्गदर्शन में जनपद में पिक्चर योर यूचर अभियान की शुरुआत की गई है। इस पहल के तहत विद्यार्थियों को उनकी रुचि और क्षमता के अनुरूप भविष्य के लक्ष्य तय करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। खास बात यह है कि एआई तकनीक के माध्यम से विद्यार्थियों की तस्वीरें उनके सपनों के पेशे और भूमिका के अनुरूप तैयार कर विद्यालयों में प्रदर्शित की जाएंगी। अभियान का उद्देश्य बच्चों में भविष्य को लेकर सकारात्मक सोच विकसित करना और उन्हें अपने सपनों को लक्ष्य में बदलने के लिए



प्रेरित करना है। एआई तकनीक से तैयार तस्वीरों में विद्यार्थी खुद को डॉक्टर, पुलिस अधिकारी, शिक्षक, इंजीनियर, वैज्ञानिक, पायलट, सैनिक सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपनी भूमिका में देख सकेंगे। विद्यालयों में इन तस्वीरों को प्रदर्शित कर बच्चों के भीतर यह विष्वास पैदा किया जाएगा कि आज का विद्यार्थी मेहनत और सही दिशा में प्रयास के जरिए कल अपने सपनों के मुकाम तक पहुंच सकता है। इस पहल के माध्यम से विद्यार्थियों को केवल सपने देखने के लिए ही नहीं, बल्कि अपनी रुचि, क्षमता और प्रतिभा को पहचानकर भविष्य का लक्ष्य निर्धारित करने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाएगा। शिक्षकों और अभिभावकों की सहभागिता से बच्चों को उनके चुने हुए लक्ष्य की दिशा में लगातार मार्गदर्शन और प्रोत्साहन दिया जाएगा। जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में शुरू की जा रही यह पहल विद्यार्थियों में करियर को लेकर जागरूकता बढ़ाने के साथ ही उन्हें पढ़ाई के प्रति अधिक गंभीर और लक्ष्य केंद्रित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। अभियान के जरिए बच्चों को यह संदेश दिया जाएगा कि सपनों को सिर्फ देखा नहीं जाता, बल्कि लक्ष्य बनाकर उन्हें हासिल भी किया जाता है।

# वैज्ञानिक खेती से बढ़ेगा उत्पादन, किसानों को उन्नत पढ़ाया पाठ

**- बहुआ में खरीफ गोष्ठी में कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को दिए खेती के गुर**

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहुआ, फतेहपुर। ब्लाक मुख्यालय स्थित राजकीय .षि बीज भंडार केंद्र में खरीफ गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में किसानों को वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने के लिए जागरूक किया गया। .षि विशेषज्ञों ने कहा कि उन्नत बीज, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन और संतुलित उर्वरक प्रयोग से कम लागत में बेहतर उत्पादन हासिल किया जा सकता है। .षि विशेषज्ञ डॉ. जितेन्द्र सिंह एवं कुंवर सेन गंगवार ने किसानों को उन्नत बीजों के चयन, बीज शोधन, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, संतुलित उर्वरक प्रयोग तथा आधुनिक .षि तकनीकों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने खरीफ फसलों में रोग और कीट प्रबंधन पर भी किसानों का ध्यान आ.ष्ट किया। विषय वस्तु विशेषज्ञ निहाल कुरैशी ने किसानों से वैज्ञानिक पद्धति अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने विशेष रूप से मक्का समेत खरीफ फसलों की उन्नत खेती के तौर–तरीकों की जानकारी देते हुए कहा कि तकनीकी जानकारी के सही इस्तेमाल से खेती की लागत घटाने के साथ उत्पादन बढ़ाया जा सकता है। एडीओ एजी सुशील पाल एवं बीपीएम महेंद्र प्रताप सिंह तोमर ने किसानों को फार्मर रजिस्ट्री, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि समेत कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने किसानों से सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि



भाजपा मंत्री अरिमर्दन सिंह एवं ब्लाक महामंत्री अखिलेश तिवारी की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस दौरान एडीओ एजी असोथर धर्मेंद्र राजपूत, राजकीय .षि गोदाम बहुआ प्रभारी रोहित पटेल, अखिलेश सिंह, स्वदेश कुमार, अनिल कुमार, अनिरुद्ध सिंह, अजेय प्रताप सिंह, सत्यजीत, रामू कुमार, रणजीत सिंह, विनीत कुमार प्रजापति, रामखेलावन पाल समेत सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में 12 मुकदमों का आरोपी गोली लगने से घायल

**- तमंचा-कारतूस व नकदी बरामद**

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र में बुधवार की देर रात पुलिस और अपराधी के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी साहिल कुरैशी के बाएं पैर में गोली लग गई। घायल अवस्था में पुलिस ने उसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया। आरोपी के कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस और नकदी बरामद हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ जिले के विभिन्न थानों में 12 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस के मुताबिक 19/20 अगस्त की रात थरियांव पुलिस पश्चिमी बाइपास थरियांव से जयसिंहपुर जाने वाले मार्ग के पास संदिग्धों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान संदिग्ध अवस्था में एक व्यक्ति दिखाई दिया। पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो आरोपी ने कथित रूप से पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में आरोपी साहिल कुरैशी पुत्र शरीफ निवासी जमरावां, थाना हुसैनगंज के बाएं पैर में गोली लग गई और वह घायल होकर गिर पड़ा। पुलिस ने घायल आरोपी को कब्जे में लेकर उपचार के लिए जिला अस्पताल फतेहपुर भेजा। तलाशी के दौरान उसके पास से एक अवैध तमंचा .315 बोर, दो खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस और 1,000 रुपये नकद बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार साहिल कुरैशी थाना थरियांव में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 63/2026 में धारा 303(2),



317(2), 317(4), 317(5), 61(2) बीएनएस तथा मुकदमा अपराध संख्या 85/2026 में धारा 331(4), 305, 317(2), 317(4), 317(5), 61(2) बीएनएस के मामलों में प्रकाश में आया था। पुलिस ने आरोपी के आपराधिक इतिहास की जांच की तो अब तक उसके खिलाफ जिले के विभिन्न थानों में 12 मुकदमे दर्ज होने की जानकारी सामने आई है। अन्य आपराधिक इतिहास भी खंगाला जा रहा है। मुठभेड़ के बाद पुलिस ने बरामद असलहे और कारतूस को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## संक्षिप्त समाचार

# वृद्ध विधवा ने जमीन पर कब्जे का लगाया आरोप

**– न्याय के लिए दर–दर भटक रही पीड़िता**

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। खागा कस्बे के डाक बंगले में गुरुवार को आयोजित राज्यमंत्री एवं खागा विधायक .ष्णा पासवान के जनता दरबार में रामपुर अफोई गांव की एक वृद्ध विधवा महिला ने अपनी जमीन पर कब्जा किए जाने की शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसकी गैरमौजूदगी में उसके खेत की मेड़ तोड़कर जमीन को दूसरे खेत में मिला लिया गया।

पीड़िता के मुताबिक, जब वह अपनी जमीन की मेड़ बांधने पहुंची तो विपक्षी पक्ष के लोगों ने उसके साथ कथित तौर पर गाली–गलौज की तथा जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए जान से मारने की धमकी दी। महिला का कहना है कि घटना के बाद से वह लगातार न्याय के लिए अधिकारियों के चक्कर लगा रही है। पीड़िता ने बताया कि उसने 23 जून, 30 जून और 6 जुलाई को आयोजित समाधान दिवस में भी शिकायत की थी, लेकिन इसके बावजूद अब तक समस्या का समाधान नहीं हो सका। इसके अलावा मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करने तथा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रार्थना पत्र देने के बाद भी कार्रवाई न होने का उसने दावा किया है। लगातार शिकायतों के बावजूद न्याय न मिलने से परेशान वृद्ध विधवा गुरुवार को राज्यमंत्री के जनता दरबार पहुंची और अपनी समस्या से अवगत कराया। अब पीड़िता को उम्मीद है कि राजस्व एवं पुलिस विभाग मामले की जांच कर उसकी जमीन की पैमाइश कराएगा और यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# अलग-अलग थानों पर तीन वारंटी गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने गुरुवार को अलग–अलग थाना क्षेत्रों से तीन वारंटी अभियुक्तों को गिरतार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया।

गाजीपुर थाना पुलिस ने हत्या के मामले से संबंधित वारंटी अभियुक्त मलखान सिंह पुत्र रामनजर सिंह, निवासी ग्राम बड़नपुर को गिरतार किया। पुलिस के अनुसार अभियुक्त के विरुद्ध एसटी संख्या 297/2016, अपराध संख्या 177/2016, धारा 302 आईपीसी से संबंधित वारंट था। गिरतारी पुलिस टीम में उपनिरीक्षक सुशीलचन्द्र निगम और रिक्रूट आरक्षी अवनीश यादव शामिल रहे। वहीं जहानाबाद थाना पुलिस ने दो वारंटी अभियुक्तों को गिरतार किया। इनमें राजू कसाई पुत्र फकीरे कसाई निवासी सलवाती मोहल्ला, कस्बा जहानाबाद के विरुद्ध आर्म्स एक्ट से संबंधित मामला तथा धर्मेन्द्र पुत्र स्व. मन्नी लाल, निवासी बड़री का पुरवा मजरे चिल्ली के विरुद्ध आबकारी अधिनियम से संबंधित मामला दर्ज था। दोनों को नियमानुसार गिरतार कर न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक बिन्धेश कुमार गिरि, उपनिरीक्षक प्रवीण कुमार यादव, हेड कांस्टेबल सूर्यभान सिंह, रिक्रूट कांस्टेबल मनीष वर्मा और नवीन कुमार शामिल रहे।

# सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत, भाई घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के लोधीगंज एनएच–2 में बुधवार की देर शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से 35 वर्षीय बाइक सवार घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। वहीं उसका चचेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां हालत गंभीर देख कानपुर मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार हुसैनगंज थाना क्षेत्र के सेमरहटा गांव निवासी राम चन्द्र उर्फ बिहारी का पुत्र शैलेश अपने चचेर भाई सोम पुत्र रमेश 25 वर्ष के साथ बाइक से अपनी बहन की ससुराल मोहम्मदपुर कला गया था। बताते है कि देर शाम लगभग 8 बजे वापस लौटते समय जैसे ही यह लोग लोधीगंज एनएच 2 में पहुंचे तभी पीछे से तेज रतार आ रहे अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे शैलेश की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी जबकि उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने घायल को उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने हालत गंभीर देखते हुये कानपुर मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। वहीं पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# ई-रिक्शा बाइक की भिड़ंत में दो किशोर घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। ललौली थाना क्षेत्र के ग्राम करसवां के समीप ई–रिक्शा बाइक की भिडन्त में दो किशोर घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के मेउली गांव निवासी छोटे लाल का 12 वर्षीय पुत्र अर्जुन अपने चचेरे भाई अमित पुत्र पप्पू 17 के साथ बाइक से सामान लेने जा रहे थे। तभी करसवां के समीप ई–रिक्शा से भिडन्त हो गयी। जिससे दोनो घायल हो गये। वहीं घटना की सूचना पाकर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने घायल किशोरो को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )